रविवार, 27 अक्टूबर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 25 |
| आर्द्रता | 86% |
| सूर्योदय: 5:39 | सूर्यास्त: 17:02 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये


सुविचार : इंसान की सोच खुशियां आयें तो मुस्कुराऊं, खुशियों की सोच आप मुस्कुरायें तो आऊं।



12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा भारत –पृष्ठ 7





Power of Trust 2024
India's 2nd Most Trusted Jewellery Brand 2024 by TRA report.

Scan here to know your nearest Senco Store!

Like & Follow us at

7605023222 1800 103 0017

sencogoldanddiamonds.com

CORPORATE ORDER ENQUIRY: 7595089191

UP TO ₹7,500 INSTANT DISCOUNT# SBI card

#Min. Trxn.: ₹40,000; Max. Discount: ₹7,500 per card.
Validity: 25 Oct - 31 Oct 2024. T&C Apply.

Visit our D'Signia showrooms

CAMAC STREET: 22 Camac Street, Block A, Ground Floor, Kolkata - 700016, Ph.: 033-46039003/ 7595089141/7595057964
KANKURGACHI: P-344, C.I.T ROAD, Scheme-VI M, Ward No-31, Kankurgachi, Kolkata - 700054, Ph.: 9147065072
SALT LAKE: City Centre 1, Premises No: DD-30, Sector -1, Saltlake City, Near City Centre 1, Kolkata - 700064. Ph.: 033-29862244/ 7596089698/7605042567/7605042568

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 अक्टूबर, रविवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, 31:49 तक, नक्षत्र : मघा, 12:21 तक, योग : शुक्ला, 05:48 तक, सूर्योदय: 5:39, सूर्यास्त: 17:02, चन्द्रोदय : 01:11, चन्द्रास्त: 14:13, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 15:33 से 16:58

## साप्ताहिक : राशिफल 27-10-24 से 02-11-24



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा यद्यपि मंगल अपनी नीच राशि में है लेकिन सूर्य की उच्च दृष्टि के कारण नीच भंग योग की स्थिति बनती है इसलिए इस राशि वालों के लिए यह सप्ताह थोड़ा चुनौतियों संघर्षो के साथ बड़ी उपलब्धि वाला सप्ताह हो सकता है। इस सप्ताह इस राशि के जातको की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। ऐसे जातक यदि राजनीति में आना चाहे तो उसमें भी बड़ी सफलता मिल सकती है। सरकरी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। अनावश्यक प्रकार की परेशानियाँ जातक को तनाव दे सकती है। दिखावे में जातक अधिक खर्च कर सकता है। जिसके कारण अर्थिक चुनौतियाँ को सामना जातक को करना पड़ सकता है। कई तरह की कार्य-योजनाओं का विस्तार करते समय चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव के साथ विश्वास बनाये रखने के लिए जातक को अधिक मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपनी दूर-दृष्टि एवं सक्रियता से हर कार्यों को पटरी पर लाने में सक्रिय बना रह सकता है। कई तरह की कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में भी जातक को सफलता मिल सकती है। आय के साधनों का विस्तार हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल रहेंगा। पढ़ाई-लिखाई में भी जातक का मन लग सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह अनूकल रहेगा इसलिए बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। नीच के मंगल के कारण चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं। चन्द्रमा भी धीरे-धीरे शत्रु राशियों से गुजरेगा जिसके कारण जातक के लिए समस्याएं बढ़ सकती है और जातक की कार्य-योजनाएं भी प्रभावित हो सकती है। जातक के जीवन में कई तरह की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ जातक को तनाव दे सकती है। कार्य-योजनाओं की स्थितियाँ भी चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है। घर-परिवार में भी आपसी तनाव के चलते जातक दबाव महसूस कर सकता है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग मिला-जुला रहेगा। जातक के कार्य-योजनाओं में थोड़ी वृद्धि हो सकती है लेकिन कई तरह की कार्य-योजनाओं में विलम होने से जातक दबाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह जातक को थोड़ा दूर-दृष्टि से काम लेना होगा तो जातक को कई विषम परिस्थितियों को पटरी पर लाने में सफलता मिल सकती है। घर-परिवार की कई चुनौतियों के कारण थोड़ा तनावपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है लेकिन जातक अपनी दूर-दृष्टि से स्थितियों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। जातक यदि दूर-दृष्टि से काम लेगा तो कई तरह की चुनौतीपूर्ण स्थितियो को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है इस सप्ताह जातक किसी बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखकर सक्रिय बना रह सकता है। कई तरह की कार्य-योजनाओं का विस्तार करते समय जातक को दूर-दृष्टि से काम लेना होगा तभी स्थितियों को पटरी पर लाने में सफलता मिल सकती है। इस सप्ताह जातक को तनाव से बचना चाहिये नही तो कई तरह की परेशानियाँ जातक को तनाव दे सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक अपनी बात-चीत की कला से कई महत्वपूर्ण कार्यों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है लेकिन कभी-कभी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ जातक पर दबाव बना सकती है। कभी-कभी जातक छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित हो सकता है जिससे बनी-बनाई बाते बिगड़ सकती है। जातक यदि नम्रता से काम लेगा तो बिगड़ी बातों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा यद्यपि खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन खर्च अनुकूल कार्यों में हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। जातक अपनी कर्मठता एवं सूझ-बूझ से कई महत्वपूर्ण कार्यों का विस्तार कर सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी दूर हो सकते है। जिससे कई चुनौतियों से जातक को राहत मिल सकत है। छात्रों ते लिए भी समय अनुकूल रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में जातक का मन लग सकता है। घर-परिवार में जातक आपसी समांजस्य बनाने में सफल हो सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। खर्च की अधिकता हो सकती है। आय थोड़ी चुनौतियों के साथ हो सकती है। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनायों में अभी विलम हो सकता है लेकिन जातक अपनी सक्रियता बनाये रखे। खर्च की अधिकता जातक के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण स्थितियाँ बना सकती है। कार्य की अधिकता एवं समय से कार्य पूरा न होने से जातक थोड़ा तनाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह अधिक परिश्रम के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल बना रहेगा। शनि की उतरती शाढ़े-शाती जातक को सक्रिय बनाये रखेगा लेकिन कई तरह की कार्य-योजनाओ का विस्तार करने में जातक को सफलता मिल सकती है। निर्माण कार्यों एवं ठेकेदारियों के कार्य में लगे जातक सक्रिय बने रह सकते है। अपनी दूर-दृष्टि एवं कुशल-नीति से हर कार्य-योजनाओं का विस्तार करने से जातक को सफलता मिल सकती है। इस सप्ताह जातक को भाग-दौड़ अधिक करनी पड़ सकती है लेकिन भाग-दौड़ से कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला बना रहेगा। शनि की शाढ़े-शाती और शनि की बक्री अवस्था जातक के लिए चुनौतीपूर्ण स्थितियाँ बनाये रख सकती है इसलिए इस सप्ताह जातक को सक्रिय बने रहना होगा नही तो कई महत्वपूर्ण कार्य छूट सकते है। जिसके कारण जातक तनाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह विरोधी एवं प्रतिस्पर्धा भी सक्रिय बने रह सकते है जिसके कारण जातक को चुनौतियाँ मिल सकती है। जातक यदि सूझ-बूझ और दूर-दृष्टि से काम लेगा तो कुछ बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य बन भी सकते है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतीपूर्ण रहेगा। राहु की स्थिति एवं केतु की दृष्टि के कारण चुनौतियाँ बनी रह सकती है। घर-परिवार में भी तनावपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है। कार्य-योजनाओं को लेकर तनाव एवं आपसी मत-भेदों के कारण जातक को तनाव मिल सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है। जो जातक के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है इसलिए सावधानी बनाये रखे।

# औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियों के बारे में आदिवासियों के पारंपरिक ज्ञान को बचाने की जरूरत : मुर्मू

### राष्ट्रपति मुर्मू ने रायपुर के जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**रायपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियों और पेड़-पौधों के बारे में ग्रामीणों और आदिवासियों के पारंपरिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण पर जोर दिया है, जिससे ऐसे ज्ञान को विलुप्त होने से बचाया जा सके।



नवा रायपुर में पंडित दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों का खजाना है, जिसके बारे में ग्रामीणों और आदिवासियों के पास अपार ज्ञान है। उन्होंने कहा, ''इस राज्य में जड़ी-बूटियों का अकूत भंडार है। बीजा और धावड़ा जैसे पेड़ों के औषधीय महत्व के बारे में ग्रामीण तथा जनजातीय भाई-बहन जानते हैं। इस ज्ञान भंडार का दस्तावेजीकरण और मानकीकरण करके इन्हें विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। यहां के वनवासियों के ज्ञान भंडार पर शोध को बढ़ावा देने से, ऐसी जानकारी का विज्ञान-सम्मत उपयोग व्यापक स्तर पर हो सकेगा।

## लॉरेंस बिश्नोई साक्षात्कार: पंजाब पुलिस के सात कर्मी निलंबित

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने पुलिस हिरासत के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का साक्षात्कार लिये जाने के मामले में उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के दो अधिकारियों समेत सात कर्मियों को निलंबित कर दिया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (मानवाधिकार) के नेतृत्व में राज्य पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पाया कि बिश्नोई का एक साक्षात्कार उस समय लिया गया था जब वह मोहाली के खरड़ में पंजाब पुलिस की हिरासत में था और दूसरा साक्षात्कार राजस्थान में लिया गया था। एसआईटी ने इन सातों कर्मियों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का दोषी पाया, जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया। पंजाब के गृह सचिव द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार, डीएसपी गुरशेर सिंह संधू, डीएसपी समर वनीत, उपनिरीक्षक रीना (सीआईए खरड़), उपनिरीक्षक जगतपाल जांगू, उपनिरीक्षक शगनजीत सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुख्तियार सिंह और हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश को निलंबित कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है, ''मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उपरोक्त सभी अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।''

### केजरीवाल की हत्या की साजिश रची गई, उन्हें कुछ हुआ तो भाजपा होगी जिम्मेदार: आम आदमी पार्टी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने संयोजक अरविंद केजरीवाल की हत्या की ''गहरी साजिश'' रचे जाने का शनिवार को आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर उन्हें कुछ भी हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। आप नेताओं ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान केजरीवाल पर ''भाजपा के गुंडों'' ने हमला किया। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाया, ''घटना में पुलिस की मिलीभगत, केजरीवाल की हत्या की गहरी साजिश को साफ तौर पर दर्शाती है। भाजपा उनकी जान की दुश्मन बन गई है।'' सिंह के आरोपों पर पुलिस या भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। आप नेता ने कहा कि विकासपुरी की घटना के बावजूद केजरीवाल तय कार्यक्रम के अनुसार पदयात्रा अभियान जारी रखेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**मेंढर/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर कुछ ग्रेनेड तथा बारूदी सुरंगों का पता लगाया। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक मेंढर उपविभाग के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। आतंकवादियों के इस ठिकाने से दो हथगोले और तीन बारूदी सुरंगें जब्त की गईं। अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों को मेंढर के मनकोट सेक्टर में एक जल बिंदु के पास गश्त के दौरान जंग लगा मोर्टार का गोला मिला। बाद में विशेषज्ञों द्वारा नियंत्रित विस्फोट द्वारा गोले को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

### सीआरपीएफ ने 'विशेष अभियान' के तहत किया 5,000 गैर राजपत्रित कर्मियों को पदोन्नत

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने देश के विभिन्न आंतरिक सुरक्षा क्षेत्रों में कठिन ड्यूटी करने वाले कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ''विशेष अभियान'' के तहत लगभग 5,000 जवानों और उप-अधिकारियों को इस महीने पदोन्नत किया है। बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पदोन्नति पाने वालों में कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक उपनिरीक्षक और उपनिरीक्षक रैंक के कर्मी शामिल हैं जो नाई, बैंड वादक, बढ़ई, मोटर मिस्त्री, वाहन चालक, रसोइया और सामान्य कामकाज करते हैं।

## इसरो दिसंबर में बिजली से संचालित उपग्रह प्रक्षेपित करेगा : सोमनाथ

**नयी दिल्ली :** भारत दिसंबर में उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षा में ले जाने के लिए स्वदेश में विकसित 'इलेक्ट्रिक थ्रस्टर' का परीक्षण करेगा। यह एक ऐसी तकनीक है, जो अंतरिक्ष यान को हल्का और अधिक सक्षम बनाने का भरोसा जगाती है। 'इलेक्ट्रिक थ्रस्टर' का मतलब बिजली से संचालित अंतरिक्ष यान प्रणोदन उपकरण से है। आकाशवाणी पर सरदार पटेल व्याख्यान देते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 'इलेक्ट्रिक थ्रस्टर' का इस्तेमाल करने वाला पहला 'टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर सैटेलाइट' (टीडीएस-01) दिसंबर में प्रक्षेपित किया जाएगा। 'टीडीएस-01' स्वदेशी रूप से निर्मित यात्रा तरंग ट्यूब प्रवर्धक (टीडब्ल्यूटीए) की क्षमता का भी प्रदर्शन करेगा, जो उपग्रहों में लगाए जाने वाले विभिन्न संचार उपकरणों और 'माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग पेलोड' का अहम हिस्सा है। चार टन के संचार उपग्रह को प्रणोदक को सक्रिय करने और उसे प्रक्षेपण कक्षा से वांछित भूस्थिर कक्षा में पहुंचाने के लिए दो टन से अधिक तरल ईंधन की जरूरत पड़ती है। अगर उपग्रह वायुमंडलीय खिंचाव या सूर्य और चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण के कारण भटक जाता है, तो उसे वांछित कक्षा में भेजने के लिए भी प्रणोदक को सक्रिय किया जाता है। सोमनाथ ने कहा, चार टन का उपग्रह दो से ढाई टन ईंधन के साथ अंतरिक्ष की उड़ान भरता है। 'इलेक्ट्रिक थ्रस्टर' के मामले में ईंधन की आवश्यकता घटकर महज 200 किलोग्राम रह जाती है।

## ओडिशा में चक्रवात और बारिश से 1.75 लाख एकड़ फसल बर्बाद, 2.80 लाख एकड़ जलमग्न: सरकार

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' और बारिश के कारण 1.75 लाख एकड़ भूमि पर उपजी फसलें नष्ट हो जाने तथा 2.80 लाख एकड़ भूमि जलमग्न हो जाने की आशंका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को प्रारंभिक अनुमानों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को चक्रवात के कारण फसल के नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। कृषि एवं किसान सशक्तीकरण विभाग के प्रधान सचिव अरबिंद पाधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण 1,75,000 एकड़ (69,995 हेक्टेयर) भूमि पर



फैली फसल के नष्ट हो जाने की आशंका है। अनुमानित रूप से 2,80,000 एकड़ (1,12,310 हेक्टेयर) भूमि पर उपजी फसल के जलमग्न होने का संदेह है।'' उन्होंने कहा, हमने कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे राजस्व विभाग के सहकर्मियों के साथ मिलकर जिलाधिकारियों की निगरानी में दल बनाकर फसल नुकसान (33 प्रतिशत से अधिक और उससे अधिक) का आकलन करें और उसकी गणना करें। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार रात एक समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि कृषि क्षेत्र में हुए नुकसान का अंतिम अनुमान विस्तृत रिपोर्ट से पता चलेगा, जिसके आधार पर सरकार किसानों के लिए मुआवजे पर फैसला करेगी।

## महाराष्ट्र चुनाव: सीट बंटवारे पर बातचीत जारी, राउत ने कहा-एमवीए को 'सबका साथ सबका विकास' की जरूरत

**मुंबई :** महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दल-कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी)-अब भी कुछ सीट पर गतिरोध दूर करने और विधानसभा चुनाव के लिए स्वीकार्य फॉर्मूला तय करने की कोशिशों में जुटे हैं, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की समयसीमा 29 अक्टूबर को समाप्त हो रही है। सीट आवंटन के अलग-अलग फॉर्मूले के बारे में महाराष्ट्र के कुछ कांग्रेस नेताओं के बयानों ने भ्रम और बढ़ा दिया है। एमवीए के घटक दलों ने 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को होने वाले चुनाव में 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसके अलावा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने सहयोगियों के लिए '90-90-90' सीट फॉर्मूला का प्रस्ताव रखा है। थोराट ने शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस 100 से अधिक सीट पर चुनाव लड़ेगी, थोराट ने कहा कि उन्होंने गिनती नहीं की है। थोराट ने कहा कि कांग्रेस एमवीए के सदस्य के तौर पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 180 से अधिक सीट जीतेगा और अपना मुख्यमंत्री बनाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि एमवीए ने अन्य सहयोगी दलों के लिए 18 सीट छोड़ी हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुझसे आपसी समझ के आधार पर बातचीत करने को कहा है। मुंबई की कुछ सीट को लेकर बातचीत जारी है। थोराट ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार और घोषणापत्र की योजना पर चर्चा की। सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने को लेकर एमवीए में बढ़ती बेचैनी शिवसेना नेता संजय राउत की टिप्पणी में नजर आई।

## वक्फ भूमि मामले पर कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा - सरकार इसकी समीक्षा करेगी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक वक्फ बोर्ड के नोटिस को लेकर विजयपुरा में किसानों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किए जाने के बीच राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार स्थिति की समीक्षा करेगी। कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने उसकी पैतृक जमीन खाली करने के लिए किसानों को नोटिस दिया है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ''हम इसकी समीक्षा करेंगे। राज्य सरकार और राजस्व विभाग इसकी समीक्षा करेंगे। पुराने रिकॉर्ड के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।'' जब उनसे पूछा गया कि वक्फ बोर्ड ने जमीन खाली करने के लिए समय सीमा तय की है तो मंत्री ने कहा कि यह कोई समस्या नहीं है। इस बीच, महाराष्ट्र की सीमा से लगे उत्तर कर्नाटक के जिला मुख्यालय शहर विजयपुरा में किसानों ने इस मुद्दे को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भूमि अभिलेखों और पंजीकृत भूमि दस्तावेजों को अपने हाथों में लिए किसानों ने आरोप लगाया कि आवास एवं वक्फ मंत्री बी.जेड. जमीर अहमद खान के विजयपुरा दौरे के तुरंत बाद उन्हें नोटिस दिया गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि मामला उनके संज्ञान में लाए बिना ही इंडी तालुक के तेनाहल्ली गांव और तिकोटा तालुक के होनवाड़ा गांव के किसानों के भूमि अभिलेखों में बदलाव कर उन्हें वक्फ के पक्ष में कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी, स्पेन के उनके समकक्ष टाटा की सी-295 विमान विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज गुजरात के वडोदरा में टाटा विमान विनिर्माण इकाई का सोमवार को उद्घाटन करेंगे। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स इस इकाई में सी-295 विमान का निर्माण करेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह भारत में निजी क्षेत्र की पहली ऐसी इकाई होगी, जिसमें अलग-अलग स्थान पर तैयार कलपुर्जों को आपस में जोड़कर सैन्य विमान को साकार रूप दिया जाएगा। बयान के मुताबिक, अपने गृह राज्य (गुजरात) के दौरे के दौरान मोदी अमरेली में 4,900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। पीएमओ ने बताया कि समझौते के तहत वडोदरा इकाई में 40 सी-295 विमान तैयार किए जाएंगे, जबकि विमानन कंपनी एयरबस 16 विमान की सीधी आपूर्ति करेगी। पीएमओ के अनुसार, भारत में 40 सी-295 विमान तैयार करने की जिम्मेदारी टाटा एडवांस्ड सिस्टम पर है और वडोदरा में टाटा की इकाई भारत में निजी क्षेत्र की पहली ऐसी 'फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल)' होगी, जिसमें अलग-अलग स्थान पर तैयार कलपुर्जों को आपस में जोड़कर सैन्य विमान को साकार रूप दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इकाई में एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का पूर्ण विकास शामिल होगा, जिसमें निर्माण से लेकर कलपुर्जों को जोड़ने, परीक्षण, मंजूरी, आपूर्ति और रखरखाव तक, विमान का पूरा जीवन चक्र समाहित होगा। बयान के मुताबिक, टाटा के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख रक्षा इकाइयां-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत डायनैमिक्स और निजी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इस परियोजना में योगदान देंगे।

## भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष 'जहरीली' यमुना में डुबकी लगाने के बाद अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा को खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद शनिवार को आरएमएल (राम मनोहर लाल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। सचदेवा ने दो दिन पहले यमुना की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की कथित विफलता को उजागर करने के लिए नदी में डुबकी लगाई थी। सचदेवा ने बृहस्पतिवार को छठ घाट पर यमुना में डुबकी लगाई और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर 2025 तक नदी को साफ करने के अपने वादे को पूरा करने में 'विफल' रहने के लिए निशाना साधा। सचदेवा को नदी में डुबकी लगाने के बाद त्वचा पर चकत्ते और सांस लेने में थोड़ी तकलीफ का सामना करना पड़ा, जिसके लिए आरएमएल अस्पताल में उनकी जांच की गई और चिकित्सकों ने उन्हें तीन दिनों की दवा दी। भाजपा नेता को शनिवार सुबह खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाजपा की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा



कि उन्हें पहले कभी ऐसी कोई समस्या नहीं हुई। 'आप' के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सचदेवा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को अब यह समझ लेना चाहिए कि उनकी 'नाटकीयता' से नदी साफ नहीं होगी। सचदेवा ने बृहस्पतिवार को नदी के पानी को साफ करने में आप सरकार की 'विफलता' के लिए यमुना नदी से माफी मांगी और वादा किया कि अगर भाजपा अगले साल होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करती है, तो उनकी पार्टी यमुना के पुनरुद्धार के लिए एक अलग प्राधिकरण का गठन करेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2899

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 |
| 17 | 18 | 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | 23 | | | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | 27 | |
| | ■ | 28 | ■ | 29 | 30 | | ■ | | ■ |
| 31 | | | | ■ | | ■ | 32 | | |

➲ **बायें से दायें:-** 2) अफ़वाह; बदनामी; विवाद, 4) तितरबितर, 7) एक दिशा, 9) तट *(नदी)*, 10) काशी, 12) मुर्दा, 13) एक राशि, 14) जगह, 17) एक शस्त्र, 21) माधुर्यपूर्ण, 22) फाँसी की रस्सी, 23) न्यायार्थ काररवाई, 24) झगड़ा-फसाद, 25) किचरपिचर; जमावड़ा; जन-समूह, 26) विश्वास, 29) निष्कारण, 31) करीब-करीब, 32) गलीचा.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) अपरिणीत, 2) मृत्यु; प्रस्थान; निर्गम, 3) औषध, 4) बदइंतजामी, 5) बिताया; भूतकालीन; विगत, 6) मानक; विकास अवस्था, 8) कामयाबी; कीर्ति, 11) वर्षा बूँद; फुहार; पसीना, 15) मृदुता, 16) उपाहार; कलेवा, 18) लुच्चा, 19) वचन, 20) लकीर, 23) घूम जाना, 24) कुश्ती की प्रतिद्वन्द्विता, 27) सामान्य, 28) एक राशि, 30) परिणाम.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क़ | स | द | ■ | बं | दि | श | ■ | म |
| क | ■ | प | र | हे | ज | ■ | क्ति | ■ | द |
| ब | स | ना | ■ | क | र | ■ | शा | य | द |
| रा | म | ■ | क | ड़ी | ■ | गो | ली | ■ | गा |
| ■ | झ | र | ना | ■ | मो | दी | ■ | खा | र |
| अ | दा | ■ | त | रं | ग | ■ | ■ | ब | ■ |
| च | र | स | ■ | ■ | रा | ज | गी | र | ■ |
| र | ■ | दै | व | त | ■ | वा | ■ | दा | ग |
| ज | मा | व | ■ | क | बा | ब | ■ | री | ति |

## सुडोकू-पहेली-2859

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 8 | | | |
| | | | | | | 6 | 5 | |
| 1 | | | | | | | 3 | 8 |
| | 6 | | 2 | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2858 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 7 |

रविवार, 27 अक्टूबर 2024

**मौसम**

तापमान 33 – 25
आर्द्रता 86%
सूर्योदय: 5:39 सूर्यास्त: 17:02

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर | कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये | सुविचार : इंसान की सोच खुशियां आयें तो मुस्कुराऊं, खुशियों की सोच आप मुस्कुरायें तो आऊं।




12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा भारत

–पृष्ठ 7






## अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला बेहद कड़ा

**अटलांटा :** चुनाव से ठीक 10 दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कांटे का मुकाबला बना हुआ है और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तथा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही अत्यंत कड़े मुकाबले वाले राज्यों में 'लोकप्रिय मत' हासिल करने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। सीएनएन द्वारा इस चुनाव के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर किए गए अंतिम सर्वेक्षण में पाया गया कि 47 प्रतिशत मतदाता डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस का समर्थन करते हैं और इतने ही प्रतिशत मतदाता चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप का समर्थन करेंगे।

## हावड़ा में मरम्मत कार्य के चलते शाम तक नहीं आएगा पानी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के सलकिया नस्करपाड़ा इलाके में पानी का पाइप फटने के कारण मरम्मत कार्य किया जा रहा है। यह कार्य आज यानी 27 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान हावड़ा नगर निगम के वॉर्ड 1 से वॉर्ड 7 और वॉर्ड 10 से वॉर्ड 16 में पानी का सप्लाई बंद रहेगा। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आज शाम 6 बजे के बाद स्थिति समान्य हो सकती है।

# सीजीएसटी दिल्ली ने 1285 करोड़ के फ्रॉड का भंडाफोड़ किया, 2.05 करोड़ कैश बरामद

### बिना जीएसटी के बेचते थे महंगे मोबाइल फ़ोन




**नई दिल्ली :** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर ने दिल्ली में 1285 करोड़ रुपये के फ्रॉड का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों ने आईफोन और ऐसे ही दूसरे महंगे सामानों को दूसरे देशों से तस्करी के माध्यम से मंगवाया और बिना जीएसटी के बेच दिए। साथ ही आरोपियों के हवाला लिंक भी सामने आए हैं। इस मामले में मुख्य आरोपी कपिल अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही 2.05 करोड़ रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

सीजीएसटी के मुताबिक, महंगे आईफोन और ऐसे ही दूसरे अन्य महंगे सामानों की तस्करी की गई और उन्हें बेचने में भी फ्रॉड को अंजाम दिया गया है। इस मामले में सीजीएसटी ने कई जगहों पर छापेमारी की। इसमें करोलबाग के गफ्फार मार्केट में मुख्य आरोपी कपिल अरोड़ा के ऑफिस और ईस्ट पटेल नगर स्थित घर भी शामिल है।

**दो कंपनियों की आड़ में तस्करी**

कपिल अरोड़ा के ऑफिस से 13 लाख रुपये की नकदी और घर से उसकी पत्नी गरिमा अरोड़ा के पास से 2.05 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। कपिल अरोड़ा की अरोरा कम्युनिकेशन और सेलफोन बदलो नाम से दो कंपनियां हैं। इन्हीं कंपनियों की आड़ में अरोड़ा दुबई और चीन से आईफोन की तस्करी करवा रहा था।

**अवैध तरीके से बेचे जा रहे थे फोन**

यह फोन करोलबाग में अवैध तरीके और बिना जीएसटी के बेचे जा रहे थे। साथ ही विदेश में हवाला के जरिए पैसा पहुंचाया जा रहा था। जांच में सामने आया है कि अरोड़ा के दुबई में लिंक है। उसके जरिए ही तस्करी और पैसे का लेनदेन हो रहा था।

**कबीर तलवार का करीबी है कपिल अरोड़ा**

इस मामले को आगे की जांच के लिए ईडी और एनआईए को ट्रांसफर किया जा सकता है। कपिल अरोड़ा, कबीर तलवार का काफी करीबी है। कबीर तलवार को एनआईए ने 21 हजार करोड़ की ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। कबीर तलवार के दिल्ली में कई क्लब थे।

# बंगाल : ईडी ने डब्ल्यूबीएसएससी भर्ती 'घोटाला' मामले में 163 करोड़ रु की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने शनिवार को बताया कि उसने पश्चिम बंगाल स्कूली सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा समूह 'ग' और 'घ' श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती में हुए 'घोटाले' में ताजा कार्रवाई करते हुए कथित 'मुख्य बिचौलिए' और उसकी संबद्ध संस्थाओं की 163 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने इससे पहले सहायक शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में 230.6 करोड़ रुपये की संपत्ति और पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में 151 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। दोनों भर्तियां डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा की गई थीं। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इन मामलों में 'मुख्य बिचौलिए' प्रसन्न कुमार रॉय, उनकी पत्नी काजल सोनी रॉय और रॉय द्वारा नियंत्रित और संचालित श्री दुर्गा डीलकॉम प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के पांच होटल और रिजॉर्ट, 230 भूखंड और 17 फ्लैट और दुकानें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से कुर्क की गई हैं। ईडी ने बताया कि कुर्क संपत्ति की कुल कीमत करीब 163.20 करोड़ रुपये है। जांच एजेंसी ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में हावड़ा के श्यामपुर स्थित चलंकिता रिजॉर्ट, सुंदरबन स्थित रॉयल बंगाल रिजॉर्ट, दीघा स्थित होटल मिली (रूबीना), जलपाईगुड़ी स्थित होटल मूर्ति और अलीपुरद्वार स्थित बैम्बू विलेज रिजॉर्ट शामिल हैं। ईडी धन शोधन के आरोपों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और दाखिल आरोपपत्रों के आधार पर कर रही है। सीबीआई के मुताबिक समूह 'ग' और 'घ' के पदों पर कथित तौर पर 'अयोग्य, गैर-सूचीबद्ध और निम्न रैंक वाले उम्मीदवारों की '' अवैध तरीके से नियुक्ति की गई जिसकी वजह से योग्य और वास्तविक उम्मीदवारों को नियुक्ति से वंचित रहना पड़ा।'' ईडी के मुताबिक आरोप है कि इन पदों पर नियुक्तियां निष्पक्षता बनाए रखे बिना, विभिन्न व्यक्तियों द्वारा आपराधिक साजिश के तहत तथा संबंधित नियमों का उल्लंघन करके की गईं। सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है कि कुल 3,432 (समूह 'ग' के लिए 1,125 और समूह 'घ' के लिए 2,307) पदों पर डब्ल्यूबीएसएससी के अधिकारियों ने अन्य लोगों के साथ आपराधिक साजिश कर 'अवैध' रूप से नियुक्त या अनुशंसित किया। रॉय और डब्ल्यूबीएसएससी के पूर्व सलाहकार शांति प्रसाद सिन्हा को ईडी ने सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## चक्रवात दाना: पश्चिम बंगाल में दो और लोगों की मौत हो जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हुई

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण दो और लोगों की मौत हो जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व वर्धमान जिले के बुड बुड में कथित तौर पर बिजली के तार को छूने से एक नागरिक स्वयंसेवक चंदन दास (31) की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब वह पुलिस टीम के साथ बाहर गया था। उन्होंने बताया कि हावड़ा नगर निगम का एक कर्मचारी तांतिपारा में बारिश के पानी से भरी सड़क पर मृत पाया गया। ऐसा संदेह है कि उसकी मौत डूबने के कारण हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में शुक्रवार को बिजली का करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई थी। एक व्यक्ति की मौत दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा में हुई, जबकि दूसरे की मौत दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में हुई। भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' ने शुक्रवार की सुबह पूर्वी तट पर दस्तक दी, जिसके कारण मूसलाधार बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए तथा ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बुनियादी ढांचे और फसलों को काफी नुकसान पहुंचा। ओडिशा में केंद्रपाड़ा के भीतरकनिका और भद्रक जिले के धामरा के बीच बृहस्पतिवार रात करीब 12.05 बजे चक्रवात के आने की प्रक्रिया शुरू हुई थी और उस दौरान हवा की रफ्तार लगभग 110 किलोमीटर प्रति घंटे थी। वहीं, शुक्रवार सुबह करीब 8.30 बजे यह प्रक्रिया पूरी हो गई थी।



**फर्जी बम की धमकियां**

## सरकार ने सोशल मीडिया मंचों को गलत सूचनाएं हटाने संबंधी परामर्श जारी किया

**नयी दिल्ली :** विमानन कंपनियों को उनके विमानों को बम से उड़ाने की मिलने वाली फर्जी धमकियों की बढ़ती संख्या के बीच सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से कहा है कि वे उचित सावधानी बरतें और सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत निर्धारित समयसीमा के भीतर गलत सूचना को तुरंत हटा दें या उस तक पहुंच को बाधित करें। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि इस तरह की गलत सूचना को हटाने या उस तक पहुंच को बाधित करने के अलावा सोशल मीडिया मंच संचालकों का 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' 2023 (बीएनएसएस) के तहत अतिरिक्त दायित्व है कि वे अपने मंच के किसी भी उपयोगकर्ता की ओर से किए गए अपराध की अनिवार्य रूप से शिकायत करें। इनमें भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता या सुरक्षा को खतरा पहुंचाने के इरादे से किए गए अपराध भी शामिल हैं।

**शनिवार को 30 से अधिक उड़ानों में बम रखे होने की धमकी मिली**

देशभर में शनिवार को 33 उड़ानों में बम रखे होने की धमकी मिली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, 13 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 300 से अधिक उड़ानों में बम रखे होने झूठी धमकियां मिली हैं। सूत्रों ने बताया कि अधिकांश धमकियां सोशल मीडिया के माध्यम से दी गईं। धमकियों के बीच, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से कहा कि वे उचित सावधानी बरतें और आईटी नियमों के तहत निर्धारित समयसीमा के भीतर गलत सूचना तक पहुंच को तुरंत हटाएं। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो, एअर इंडिया और विस्तारा के 11-11 उड़ानों को शनिवार को धमकियां मिलीं।

# धमकाने के आरोपित जूनियर डाक्टरों ने बनाया अपना संगठन, लगाए गंभीर आरोप

### आंदोलनकारी जूनियर डाक्टरों पर मृतका के नाम पर 4.76 करोड़ की वसूली का लगाया आरोप



**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कालेज व अस्पताल में धमकाने के आरोपित जूनियर डाक्टरों ने अपना संगठन बनाकर आंदोलनकारी जूनियर डाक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को एक ओर जहां आंदोलनकारी जूनियर डाक्टरों की ओर से आरजी कर अस्पताल में जन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा था, उसी समय नवगठित संगठन वेस्ट बंगाल जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूबीजेडीए) ने संवाददाता सम्मेलन कर अपने सदस्यों पर लगे सभी आरोपों को नकारा। साथ ही आरजी कर कांड को लेकर आंदोलन कर रहे जूनियर डाक्टरों के मकसद पर सवाल उठाया। डब्ल्यूबीजेडीए की ओर से जूनियर डाक्टर श्रीश चक्रवर्ती ने कहा- 'अन्याय तो हमारे साथ हो रहा है। आरजी कर कांड के बाद हमने कहा था कि हड़ताल नहीं, मरीजों की सेवा करेंगे। इस कारण हमें मेडिकल कालेज में प्रवेश करने से रोक दिया गया। हम अदालत के निर्देश पर ड्यूटी से जुड़े। आंदोलनकारी डाक्टर अनिकेत महतो ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने हमें बदमाश कहकर बदनाम किया। वहीं जूनियर डाक्टर सौरव कुमार दास ने कहा- 'मृत महिला डाक्टर के लिए न्याय मांगने की आड़ में उन लोगों ने अपना हित साधा है। मृतका के नाम पर 4.76 करोड़ रुपये वसूले गए। क्या वे अपराधी नहीं हैं? आरजी कर कांड में मुकदमे की मांग करने वाले हम पहले व्यक्ति हैं। कुछ चरमपंथियों के लिए आंदोलन का चेहरा बदल गया। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से उनका पक्ष सुनने का भी अनुरोध किया। दूसरी तरफ अनिकेत महतो ने कहा- 'लोकतांत्रिक माहौल में हर कोई संगठित हो सकता है। सवाल यह है कि इस संगठन की भूमिका और उद्देश्य क्या है? जिनपर धमकी की संस्कृति का आरोप है, वे संगठित होकर सामाजिक जिम्मेदारी और न्याय की बात करें तो हास्यास्पद है। वहीं जूनियर डाक्टर किंजल नंदा ने कहा- 'मुझे लगता है कि अब लोगों के लिए पक्ष लेने का समय आ गया है। उन्हें तय करना होगा कि वे न्याय के पक्ष में हैं या धमकी की संस्कृति के पक्ष में।

## प्रूवी लद्दाख में 'सुचारू रूप से' सैनिकों की वापसी हो रही हैः चीन

**बीजिंग :** चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी ''सुचारू रूप से'' हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को बीजिंग में पत्रकारों को बताया, ''सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।''

# इजराइल ने मिसाइल हमलों का बदला लेने के लिए ईरान पर हवाई हमले किए

**दुबई :** इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान पर हवाई हमले किए और कहा कि उसने ईरान द्वारा इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर दागे गए बैलिस्टिक मिसाइलों के जवाब में उसके सैन्य स्थलों को निशाना बनाया। विस्फोटों की आवाज ईरान की राजधानी तेहरान में भी सुनी गईं लेकिन इस्लामी गणराज्य ने जोर देकर कहा कि इन हमलों से केवल सीमित क्षति हुई है। इन हमलों ने दोनों कट्टर शत्रुओं के बीच ऐसे समय में पूर्ण युद्ध का खतरा बढ़ा दिया है जब पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह- गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला- पहले से ही इजराइल के साथ युद्धरत हैं। यह पहली बार है जब इजराइल की सेना ने ईरान पर खुलेआम हमला किया। इसके अलावा, 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद से किसी शत्रु देश ने ईरान पर इस प्रकार पहली बार लगातार हमले किए हैं। इजराइल के घंटों चले हमले तेहरान में सूर्योदय से कुछ देर पहले ही समाप्त हुए। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में मिसाइल निर्माण संयंत्रों और अन्य स्थलों को निशाना बनाकर हमले किए। उसने कहा कि ईरान में हमले करने के बाद उसके विमान ''सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं।'' इजराइली सेना ने कहा कि उसके विमानों ने ''उन मिसाइल निर्माण संयंत्रों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल उन मिसाइलों को बनाने के लिए किया जाता था जिन्हें ईरान ने पिछले साल इजराइल पर दागा था।''


**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

**सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन**



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:**

**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
*Chamber :* Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com






Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery,
Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION — Toll Free No. 1800 889 1704

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

**Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars**

# आ रहा काउंसिलिंग का कॉल, नहीं जा रहे अभ्यर्थी

❏ **14 फीसदी से अधिक अनुपस्थिति**
❏ **चिंतित प्रशासन**

**कोलकाता :** कोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 की उच्च प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया बाधित हो गई है। काउंसलिंग शुरू हो गई है लेकिन स्कूल सेवा आयोग के अनुसार, कई नौकरी चाहने वाले बुलाए जाने के बावजूद काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं हुए।



सुप्रीम कोर्ट के आदेश से उच्च प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की खंडपीठ ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी। कोर्ट के आदेश के बाद मेरिट लिस्ट के अभ्यर्थी नौकरी ज्वाइन करने की फिराक में हैं। काउंसलिंग शुरू हो चुकी है लेकिन एसएससी सूत्रों के मुताबिक कॉल मिलने के बावजूद कई लोग काउंसलिंग में शामिल होने के लिए उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। अब तक लगभग 14 प्रतिशत नौकरी चाहने वाले कॉल मिलने के बाद भी काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं।

आयोग सूत्रों के मुताबिक फिलहाल बांग्ला को छोड़कर अन्य माध्यमों में काउंसलिंग चल रही है। बांग्ला माध्यम की काउंसलिंग 11 नवंबर से शुरू होगी। तब असली तस्वीर साफ होगी।

इस संबंध में आंदोलनरत नौकरी चाहने वालों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी बताई जा रही है क्योंकि कई लोग लंबे समय तक विरोध करने के बाद थक चुके हैं। कुछ लोगों को नौकरी मिलेगी तो दूसरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

नौकरी चाहने वालों के वकील ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। कोर्ट द्वारा तय की गई समय सीमा अब खत्म होने वाली है। इस हिसाब से एसएससी का काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाया है। वकील विकासरंजन भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार ने नौकरियां न देने की हर कोशिश की है लेकिन अंत में कोर्ट के आदेश से उन्हें नौकरी देनी पड़ती है। यह अब अगर एसएससी दोबारा कोई नियम बनाती है तो कोर्ट इसे देखेगा।

## भर्ती घोटालों के आरोपों के बीच एसएससी ने नियम बदला
# अब मध्य शिक्षा बोर्ड नहीं करेगी नियुक्ति

❏ **उच्च प्राथमिक शिक्षकों की सीधी नियुक्ति अब स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा की जाएगी**

**कोलकाता :** बंगाल का स्कूल सेवा आयोग(एसएससी) भर्ती घोटाले में गंभीर रूप से घिरा है। परीक्षा पुस्तिका में अंक देने में गड़बड़ी से लेकर मेरिट सूची तक सभी मामलों में भ्रष्टाचार व अनियमिता के दर्जनों आरोप लगे हैं। पिछले दो वर्षों में एसएससी और शिक्षा विभाग के कई पूर्व अधिकारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब एसएससी ने इस नियुक्ति के जंजाल से मुक्ति के लिए नियम बदल दिया है। करीब नौ साल बाद उच्च प्राथमिक की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में मामला खारिज होने के बाद काउंसलिंग शुरू हो चुकी है। इसी बीच यह बदलाव शनिवार को सामने आया है।

अब तक स्कूल सेवा आयोग योग्य उम्मीदवारों की परीक्षा के माध्यम से चयन और उनकी अनुशंसा करता था। दूसरी ओर, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शिक्षकों की नियुक्ति करता था। अब इस भर्ती प्रक्रिया में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी। सीधी भर्ती स्कूल प्रबंध समिति द्वारा की जाएगी, क्योंकि 2016 की उच्च प्राथमिक भर्ती प्रक्रिया में इस नियम का उल्लेख है। इस बीच, उच्च प्राथमिक नौकरी के योग्य अभ्यर्थियों नौकरी का अवसर मिला है। बांग्ला के अलावा अन्य माध्यमों के लिए काउंसलिंग दो दिनों में खत्म हो जाएगी। इसके बाद बांग्ला मीडियम की काउंसलिंग शुरू होगी। एसएससी द्वारा अब तक करीब 450 अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए बुलाया जा चुका है।

हालांकि, यह ज्ञात है कि 14 प्रतिशत से अधिक नौकरी चाहने वाले काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। 10 साल बाद नौकरी के अवसर को लेकर कई लोगों में अनिच्छा है। अभ्यर्थियों यह देख रहे हैं कि यह प्रक्रिया कितनी जल्दी खत्म होती है। यह भर्ती प्रक्रिया काफी समय से कानूनी पचड़े में फंसी हुई थी। हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में दोबारा चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने जब मामले को खारिज कर दिया तो हाई कोर्ट के आदेश पर काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है।

## चंदननगर एसडीओ कार्यालय में सांप निकलने से मचा हड़कंप

**हुगली :** हुगली जिले के चंदननगर एसडीओ कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कार्यालय में दो करैत सांप को देखा गया। तत्काल इसकी सूचना पर्यावरणविद चंदन क्लेमेंट सिंह को दी गई। मौके पर पहुंचे चंदन ने सीढ़ियों पर पड़े सामानों के ढेर में एक टिन के बक्से से दो जहरीले सांप को बरामद किया। चंदननगर एसडीओ कार्यालय चंदननगर रानी घाट के सामने है। माना जा रहा है कि गंगा से सांप आ कर सरकारी कार्यालय में घुस गया होगा। करैत सांप आमतौर पर पानी वाली जगह पर रहते हैं। माना जाता है कि दोनों सांप काफी पुराने हैं। सरकारी दफ्तर में इतना जहरीला सांप देखने के बाद कर्मचारी घबरा गए। लेकिन सांप को सुरक्षित हटाने लेने से वे खुश हैं। सांप बरामद होने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। चंदन ने बताया



कि करैत सांप एशिया के सबसे जहरीले सांपों में से एक प्रजाति है। इस सांप का डंसा हुआ समझ में नहीं आता है। धीरे-धीरे सर्प दंश वाला व्यक्ति मौत के मुंह में चला जाता है। दोनों सांपों को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।

## डॉक्टर सुहृता पाल को एक बार फिर हेल्थ यूनिवर्सिटी का कुलपति पद देने की योजना में राज्य

❏ **सर्च कमेटी को भेजा प्रस्ताव**

**कोलकाता :** क्या डॉक्टर सुहृता पाल एक बार फिर हेल्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर नजर आएंगी? सर्च कमेटी पैनल को लेकर अटकलें तेज हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में कुलपति की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित ने पिछले रविवार को हेल्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति की नियुक्ति के लिए आठ आवेदकों का साक्षात्कार लिया। स्वास्थ्य भवन के सूत्रों के अनुसार, नवान्न को भेजी गई तीन कुलपतियों की सूची में स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति सुहृता पाल भी शामिल हैं, जो आरजी कर घोटाले में शामिल थीं। अन्य दो सदस्य एनआरएस प्रमुख पीतावरन चक्रवर्ती हैं। कल्याणी जेएनएम के पूर्व प्राचार्य केशव मुखर्जी है।

सवाल यह है कि क्या आचार्य और राज्यपाल सीवी आनंद बोस सुहृता पाल के नाम पर सहमत होंगे? स्वास्थ्य विश्वविद्यालय में हैकिंग की संस्कृति के बारे में शिकायतें मिलने के बाद राज्यपाल ने सुहृता पाल को यूजीसी मानदंडों के उल्लंघन में उनकी नियुक्ति का हवाला देते हुए हटा दिया था। उस फैसले को चुनौती देते हुए सुहृता ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जूनियर-सीनियर डॉक्टरों के सवालों के बीच इस घटना को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को मेडिकल कॉलेजों की परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है ताकि भविष्य में कोई भी परीक्षा में नकल न कर सके।

जूनियर डॉक्टरों का सवाल है कि जिनके कार्यकाल में परीक्षा प्रणाली को लेकर विवाद है, नवान्न को पैनल में उनके नाम पर आपत्ति क्यों नहीं होगी? ये सवाल इसलिए उठता है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने वो हिस्सा राज्य को दे दिया है। नवान्न के साथ राजभवन के टकराव के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कुलपतियों की नियुक्ति की समस्या के समाधान के लिए तीन तरह के समाधानों का जिक्र किया गया है।

सबसे पहले सर्च कमेटी कुलपतियों का एक पैनल अनुशंसा के रूप में मुख्यमंत्री को भेजेगी। यदि पैनल में किसी नाम पर कोई आपत्ति है तो मुख्यमंत्री उचित साक्ष्य के साथ कारण बताते हुए इसे आचार्य के पास भेजेंगे। दूसरा, मुख्यमंत्री द्वारा भेजी गई सूची में से आचार्य कुलपति की नियुक्ति करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा भेजी गई क्रमवार सूची के अनुसार आचार्य कुलपति का चयन करेंगे। अगर नवान्न द्वारा भेजी गई सूची पर कोई आपत्ति है तो आचार्य साक्ष्य के साथ अपनी राय दे सकते हैं। और तीसरा, राजभवन और नवान्न, अगर दोनों पक्ष एक-दूसरे के फैसले पर सहमत नहीं हो पाते हैं तो सुप्रीम कोर्ट अंतिम फैसला लेगा। अब देखते हैं कि नबन्ना हेल्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर सुहृता पाल के साथ क्या स्थान लेते हैं।

## वर्दवान में आरपीएफ ने एक महिला यात्री को उसका खोया हुआ कीमती बैग लौटाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने अपनी पहल, ऑपरेशन अमानत के माध्यम से यात्री सुरक्षा और देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। आरपीएफ कर्मियों ने 25 अक्टूबर को वर्दवान रेलवे स्टेशन पर मिले सामान से भरे एक बैग को सही सलामत लौटा दिया। मिली जानकारी के अनुसार, सहायक आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर को प्लेटफार्म नंबर 3 पर नियमित जांच के दौरान ट्रेन नंबर 37831 हावड़ा- वर्दवान लोकल के कोच के अंदर एक लावारिस बैग मिला। यात्रियों से पूछताछ करने पर जब कुछ पता नहीं चला तब आरपीएफ अधिकारी ने बैग को बरामद कर लिया और वर्दवान स्थित आरपीएफ पोस्ट में ले आए। इसके बाद बैग के मालिक को ढूंढने की कोशिश की गई। इसके बाद, सोमा चौधरी नाम की एक महिला ने आरपीएफ पोस्ट पर संपर्क किया। महिला ने मेमारी एडीएसआर ट्रेजरी कार्यालय से स्टांप विक्रेता के रूप में खुद की पहचान दी। महिला ने अपने बैग के गुम होने की सूचना दी, जिसमें 2,51,000 रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर थे। आरपीएफ ने सभी जरूरी कार्रवाई करने के बाद महिला को उसका बैग वापस सौंप दिया।

## ऑनलाइन भुगतान पर मेट्रो की शिविर

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों के लाभ के लिए विभिन्न डिजिटल भुगतान मोड पेश किए हैं। मेट्रो उपयोगकर्ताओं को इस ऐप के बारे में जागरूक करने और इसका उपयोग करने के तरीके के बारे में जागरूक करने के लिए शनिवार को ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन - एक और ग्रीन लाइन -दो के सभी स्टेशनों पर मेट्रो कर्मचारियों द्वारा ऐसे विशेष शिविर आयोजित किए गए। मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को यूपीआई भुगतान आधारित टिकटिंग प्रणाली की मदद से एएससीआरएम मशीनों के माध्यम से टोकन खरीदने और अपने स्मार्ट कार्ड रिचार्ज/खरीदने में भी मदद की। डिजिटल प्रणाली में बदलाव करने और टोकन, स्मार्ट कार्ड खरीदने और इसे रिचार्ज करने के लिए स्मार्ट तरीके अपनाने के इच्छुक मेट्रो यात्रियों ने इन शिविरों में भाग लिया क्योंकि ऐसे शिविर उनके लिए फायदेमंद रहे हैं। वे स्पष्ट रूप से खुश थे क्योंकि मेट्रो कर्मचारियों ने उन्हें ऐप डाउनलोड करने में मदद की और उन्हें इसका उपयोग करने की प्रक्रियाएं समझाईं। यात्रियों को ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए शुरू किया गया 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप लोकप्रियता हासिल कर रहा है। ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन मेट्रो स्टेशनों के प्लेटफॉर्म टेलीविजन पर विशेष प्रचार फिल्में (इस यात्री-अनुकूल ऐप को डाउनलोड करने और उपयोग करने के तरीके पर) भी दिखाई जा रही हैं।



## आईटीसी और पिज्जा हट ने साझेदारी की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिज्जा हट और आईटीसी ने एक साथ पहली बार साझेदारी की। जिसके तहत पिज्जा हट अपने मेन्यू में सबसे ज्यादा बिकने वाले सनफीस्ट पेय पदार्थ डार्क फैंटेसी मिल्कशेक एवं मैंगो स्मूदी को शामिल करेगी। डार्क फैंटेसी मिल्कशेक चॉकलेट प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है और इसमें सनफीस्ट डार्क फैंटेसी के खास स्वाद को बेल्जियम चॉकलेट के साथ क्रीमी, वेलवेटी मिल्कशेक बेस में मिलाया गया है। मैंगो स्मूदी में पके आम की मिठास और फलों एवं क्रीमनेस का एक शानदार मिश्रण है, जो इसे उष्णकटिबंधीय भोजन चाहने वालों के लिए एक सठिक और ताजा पेय बनाता है। सनफीस्ट पेय पदार्थ अक्टूबर 2024 से भारत भर में सभी पिज्जा हट आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे।

## एशिया पैसिफिक कार्बन ब्लैक कॉन्फ्रेंस ने भारत की वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता पर प्रकाश डाला

**कोलकाता, समाज्ञा :** एशिया के सबसे बड़े कार्बन सम्मेलन, एशिया पैसिफिक कार्बन ब्लैक कॉन्फ्रेंस का 15वां संस्करण 23 अक्टूबर को कोलकाता में संपन्न हुआ। 21 से 23 अक्टूबर, 2024 के दौरान आयोजित यह सम्मेलन, 'कार्बन ब्लैक: एशिया-पैसिफिक में संभावनाएं' की थीम पर आधारित था। इस सम्मेलन में टायर एवं मोटर वाहन के कल-पुर्जे, प्लास्टिक, सुचालक कार्बन ब्लैक, प्रयोगशाला उपकरण, पुनर्चक्रित ब्लैक और पैकेजिंग सहित कार्बन ब्लैक की वैल्यू चेन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया। आयोजन के दूसरे दिन पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, डॉ. मनोज पंत ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने 4.8% की अनुमानित सीएजीआर के साथ इस क्षेत्र की प्रगति के बारे में बताया, साथ ही उद्योगपतियों को उद्योग के क्षेत्र में उभरती संभावनाओं से भरे पश्चिम बंगाल में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं के सत्रों के अलावा, गोलमेज चर्चाओं तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला को शामिल किया गया। इस आयोजन में 20 से अधिक देशों के लगभग 500 प्रतिनिधि शामिल हुए तथा 30 से अधिक कियोस्क एवं स्टॉल लगाये गये थे। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ-साथ कॉर्पोरेट जगत की महत्वपूर्ण हस्तियां एकजुट हुईं थी।

## सीकर नागरिक परिषद ने 530 लोगों को दीपोत्सव मनाने में की सहायता

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा शनिवार को सीकर भवन में गरीबी रेखा के नीचे वाले 100 परिवार के 530 लोगों को दीपोत्सव मनाने में सहायता सामग्रियां प्रदान की गई। परिवार के प्रत्येक सदस्य को नए वस्त्र (महिलाओं को साड़ी, लड़कियों को कैपरी, टॉप के साथ नेल पॉलिश, पुरुषों को टी-शर्ट, लॉजर एवं बच्चों को पैंट, शर्ट), खाद्य सामग्रीयां (चावल, दाल, आलू, नमक, तेल, चीनी, चायपत्ती, दूध, भुजिया, बिस्कुट), दीया-बाती तेल एवं प्रत्येक परिवार को एक एक मिठाई का डिब्बा दिया गया। दीपावली खुशियों का त्योहार हैं, परिषद का ज्यादा से ज्यादा प्रयास रहता है कि जो परिवार अर्थाभाव के कारण त्योहारों को नहीं मना पाते हैं, परिषद उनकी सहायता कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करती हैं। उक्त बाते सचिव रवि शंकर सीकरिया ने कही। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा, हमारी परिषद विगत 9 वर्षो से अभावग्रस्त परिवारों को जो दीप-ावली मनाने में असमर्थ हैं, उनको यथोचित सामान देकर दीपोत्सव मनाने में सहायता कर रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद बिदावतका, धरम चंद जैन, श्रीमोहन चौधरी, कमल प्रसाद चौधरी, रतन कुमार सीकरिया, रवि लोहिया, आदित्य विक्रम बियानी, सुनीता लोहिया, रामोतार अग्रवाल, महेश शर्मा, उषा अग्रवाल, निरमल मानपुरिया, राजकुमार अग्रवाल, राखाल राय, सुशील बजाज, मंजु अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, मनोज मित्तल, गोपाल सीकरिया का भरपूर सहयोग रहा।




## सनराइज स्पाइसेज ने की 'घोरे घोरे दुर्गा' कॉन्टेस्ट के विजेता की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी सनराइज स्पाइसेस ने 'घोरे घोरे दुर्गा कॉन्टेस्ट' की जबरदस्त सफलता के बाद इसके विजेताओं की घोषणा की है। इस खास कॉन्टेस्ट में पश्चिम बंगाल के 23 जिलों के 1500 दुर्गा पूजा पंडालों ने हिस्सा लिया था। इस कॉन्टेस्ट में राज्य की पूजा समितियों को आमंत्रित किया गया था। यहां इन दुर्गा पूजा समितियों को प्रतिष्ठित दशभुजो गीत के माध्यम से बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती के साथ पेश करना था। दुर्गा पूजा के दौरान सबसे शुभ माने जाने वाले नौवें दिन इस कॉन्टेस्ट का समापन हुआ। इस कॉन्टेस्ट में शामिल 1500 प्रतिभागियों का एक सख्त प्रक्रिया के साथ मूल्यांकन किया गया। जिसके बाद, 50 फाइनलिस्ट को चुना गया।

## महिंद्रा ट्रक और बस ने कोलकाता में एक नई अत्याधुनिक डीलरशिप के साथ पश्चिम बंगाल में अपनी मौजूदगी की मजबूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में महिंद्रा ट्रक और बस ने 86वीं डीलरशिप की शुरुआत की। कोलकाता के अविघ्ना ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड में महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी) का 86वां डीलर बन गया है। यह 14 वाहन सर्विस बे सुविधा के साथ 40 हजार वर्ग फीट में फैली हुई है। वित्त वर्ष 24 में कारोबार की मात्रा में 46 फीसदी से अधिक की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने पश्चिम बंगाल राज्य के लिए कोलकाता में एक अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। इस नई डीलरशिप में 14 सर्विस बे शामिल हैं जो प्रतिदिन 28 से अधिक वाहनों की सर्विस कर सकते हैं, साथ ही ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं।

## पूर्व रेलवे यात्रियों को स्वच्छता और हरित वातावरण के लिए कर रहा है जागरूक



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने विशेष अभियान 4.0 के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों के बीच जागरूकता फैला रहा है। शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत सक्रिय रूप से वृक्षार-ोपण अभियान चलाया गया। कोलकाता, नैहाटी, मनकुंडु, रामपुरहाट स्टेशन सहित प्रमुख क्षेत्रों में पौधे लगाए गए, जिसमें हरित स्थान बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा, कोलकाता, नैहाटी, बारुईपुर, कमरकुंडु, मनकुंडु, वर्दवान, रामपुरहाट, धरहरा, सबौर, सालार स्टेशन और बामनगाछी रेलवे कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न स्टेशनों पर रेल चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों से बातचीत की और स्वच्छ रेलवे परिसर में योगदान देने के लिए यात्रियों को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में सबौर, कहलगांव, बांका, सुल्तानगंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर गहन सफाई और कई गतिविधियां की गई।

## चिरेका कर्मचारियों को सितंबर माह के लिए मैन ऑफ द मंथ अवार्ड से किया सम्मानित

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में सेवारत कर्मचारियों को सितंबर 2024 के लिए मैन ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया है। महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने शनिवार को उनके असाधारण प्रदर्शन, समर्पित यो-गदान के लिए मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान किया और बधाई दी। यह सम्मान शारदा कुमारी, तकनीशियन-ख/इलेक्ट्रिक लोको शॉप/इलेक्ट्रिकल विभाग, शीर्षेंदु घोषाल/ सीनियर सेक्शन इंजीनियर/इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप मैकेनिकल विभाग, प्रद्युत चट्टोपाध्याय, जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल)/मैकेनिकल विभाग और पंकज कुमार, इंस्पेक्टर/आरपीएफ/टीएस पोस्ट/ सुरक्षा विभाग को दिया गया। शारदा कुमारी दैनिक उत्पादन योजना टीम से जुड़ी हुई हैं। वह पहले से ही लोकोमोटिव उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं को अग्रिम रूप से रेखांकित करने में सहायक हैं, जो समय पर सामग्री व्यवस्था में मदद करता है। शीर्षेंदु घोषाल ने इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप के दो प्रक्रियाधीन प्रस्तावों के लिए निविदा प्रक्रिया के समय पर निष्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रद्युत चट्टोपाध्याय की देखरेख में ब्रेकडाऊन कंडीशन में लोको लिफ्टिंग जैक को मरम्मत कर कुछ दिनों के भीतर उत्पादन को सौंप दिया गया। जिससे न केवल स्क्रू रॉड को क्षति से बचाया गया, बल्कि काफी मात्रा में रुपये की भी बचत हुई। पंकज कुमार ने अपने पर्यवेक्षण में रेलवे एक्ट और आरपी (यूपी) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों की गिरफ्तारी और संपत्ति की वसूली हुई है।



## सियालदह डिवीजन काली पूजा और दीपावली के दौरान चलाएगा अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल

**कोलकाता, समाज्ञा**

सियालदह डिवीजन काली पूजा और दीपावली के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या की सुविधा के लिए ईएमयू स्पेशल ट्रेनों की 08 अतिरिक्त सेवाएं चलाने की योजना बनाई है। यह अतिरिक्त सेवा 31.10.2024/01.11.2024 को चलेंगी, जिनका रास्ते में सभी स्टेशनों पर ठहराव होगा। इसके तहत, एक जोड़ी सियालदह-डानकुनी-सियालदह ईएमयू स्पेशल सियालदह से 31 अक्टूबर को 23:30 बजे चलेगी और 1 नवंबर को 00:15 बजे डानकुनी पहुंचेंगे। वहीं, 1 नवंबर को ट्रेन 00:25 बजे डानकुनी से चलेगी और 01:05 बजे सियालदह पहुंचेगी। एक जोड़ी सियालदह-बारासात-सियालदह ईएमयू स्पेशल 1 नवंबर को सियालदह से 00:10 बजे चलेगी और 00:55 बजे बारासात पहुंचेगी। वहीं, बारासात से ट्रेन 01:10 बजे चलेगी और 01:55 बजे सियालदह पहुंचेगी।

एक जोड़ी सियालदह-राणाघाट-सियालदह ईएमयू स्पेशल 1 नवंबर को सियालदह से 00:40 बजे प्रस्थान करेगी और 02:30 बजे राणाघाट पहुंचेगी। वहीं, राणाघाट से ट्रेन 31 अक्टूबर को 23:45 बजे चलेगी और 1 नवंबर को 01:40 बजे सियालदह पहुंचेगी। एक जोड़ी सियालदह-बारुईपुर-सियालदह ईएमयू स्पेशल 1 नवंबर को सियालदह से 00:30 बजे चलेगी और 01:15 बजे बारुईपुर पहुंचेगी। वहीं, बारुईपुर से ट्रेन 01:25 बजे चलेगी और 02:10 बजे सियालदह पहुंचेगी। इसके अलावा, सियालदह डिवीजन ने 31 अक्टूबर को हॉल्ट और फ्लैग स्टेशन सहित सभी मार्ग स्टेशनों पर स्टॉपेज के साथ ट्रनों को चलाएगी।

## चौथी कक्षा के छात्र से शिक्षक ने साफ करवाया जूता

❏ **गलती से पैर लगने पर दी सजा**

**कोलकाता :** चौथी कक्षा के एक छात्र का पैर गलती से एक शिक्षक के पैर पर पड़ने की सजा के तौर पर छात्र को शिक्षक के जूते साफ़ करने पड़े। यह घटना दक्षिण दिनाजपुर जिले के हिली के लस्करपुर प्राइमरी स्कूल में घटी । स्कूल के शिक्षक के काम को लेकर आलोचनाओं का तूफान आ गया। घटना को लेकर शनिवार को अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। इस घटना की सूचना पाकर स्कूल इंस्पेक्टर प्रतिनिधि, पुलिस और पंचायत सदस्य मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने अच्छी व्यवस्था की अपील करते हुए मांग की कि घटना दोबारा न हो। अधिकारियों ने घटना पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर चौथी कक्षा के एक छात्र का पैर गलती से



लस्करपुर प्राइमरी स्कूल के एक शिक्षक के पैर पर पड़ गया। आरोप है कि इस घटना में टीचर ने छात्र के जूते साफ कर दिए। जैसे ही मामला अभिभावकों के संज्ञान में आया तो इलाके में हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह स्कूल शुरू होते ही अभिभावक एकत्र हो गए और स्कूल का घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना में अभिभावकों की शिक्षक से बहस हो गई।

इस बीच घटना की सूचना मिलने पर हिली थाना पुलिस व हिली स्कूल इंस्पेक्टर के प्रतिनिधि वहां पहुंचे। प्रशासनिक आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य हुई और स्कूल शुरू हुआ। अभिभावकों ने प्रशासन से संपर्क कर घटना और स्कूल को व्यवस्थित करने की मांग की है।

## मालदह के डीआरएम ने मालदह-सबौर खंड का किया सुरक्षा निरीक्षण

❏ **पीरपैंती स्टेशन के उन्नयन के बारे में दी जानकारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने शनिवार को मालदह-सबौर खंड का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान डीआरएम के साथ प्रमुख शाखा अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने पटरियों और ओवरहेड उपकरण की स्थिति की बारीकी से जांच करने के लिए मालदह-सबौर सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में करमटोला-सबौर खंड के बीच सुरक्षा प्रोटोकॉल की विस्तृत समीक्षा भी शामिल थी। डीआरएम ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने और अपने संचालन में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए जमीनी स्तर के कर्मचारियों के साथ बातचीत की। इसके बाद, डीआरएम ने स्टेशन भवनों, प्लेटफार्मों, सर्कुलेटिंग क्षेत्रों



और पैनल रूम सहित विभिन्न सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने शिवनारायणपुर, पीरपैंती, कहलगांव और सबौर रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की वस्तुओं का भी निरीक्षण किया और यात्री सुविधा और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, पीरपैंती स्टेशन पर डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की और मीडिया प्रतिनिधियों को इन कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

वहीं, पीरपैंती स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के हिस्से के रूप में पुनर्विकास के लिए चुना गया है। पुनर्विकास परियोजना के चरण 1 के लिए कुल 18.93 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, एसएंडटी कार्य, साइ-नेज, लिफ्ट और 12 मीटर फुट ओवर ब्रिज/रूफ प्लाजा कार्य शामिल हैं। चरण 1 में एक आधुनिक अग्रभाग, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, लाउंज, कॉनकोर्स एरिया, आगमन ब्लॉक और अन्य सहायक भवनों का निर्माण शामिल है। अब तक, चरण 1 की भौतिक और वित्तीय प्रगति क्रमशः 95% और 75% है, जिसका लक्ष्य पूरा होने की तारीख नवंबर 2024 निर्धारित है। चरण 1 के पूरा होने के बाद, चरण 2 में प्रस्तावित वाणिज्यिक विकास क्षेत्र, एक दूसरे प्रवेश भवन, एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), और वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) सिस्टम जैसे अतिरिक्त बुनियादी ढांचे को शामिल किया जाएगा, जो स्टेशन की कार्यक्षमता और पर्यावरण को और बढ़ाएगा।

# हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद ट्राम लाइन हटाई जाएगी : मेयर

## कोलकाता में ट्राम बंद होने के बाद भी सड़कों पर बिछी हुई है चलने वाली ट्राम लाइन

**कोलकाता :** तृणमूल पार्षद ने ट्राम ट्रैक को हटाने और सड़क को बेहतर बनाने की मांग उठाई है। इस सवाल का जवाब देते हुए कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने ट्राम को लेकर निगम और राज्य सरकार की स्थिति स्पष्ट की। वार्ड नंबर 48 के तृणमूल पार्षद बिस्वरूप ने कहा कि राजाबाजार-बाबूघाट सहित सभी मार्गों पर रखरखाव की कमी के कारण ट्राम ट्रैक और आस-पास की सड़कें बहुत खराब स्थिति में हैं। इन ट्राम लाइन पर 10 वर्षों से अधिक समय से ट्राम नहीं चल रही हैं। परिणाम स्वरूप दुर्घटनाएं होती हैं। खासकर, मानसून के दौरान स्कूटर व बाइक सवारों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ट्राम लाइन लिफ्टिंग और संबंधित मरम्मत कार्य कितने दिनों में पूरा होगा? और ट्राम लाइन हटने के बाद सड़क की मरम्मत की जिम्मेदारी किसकी होगी?



इसके जवाब में मेयर ने कहा कि कोलकाता दिन-ब-दिन गतिशील हो रहा है और ट्राम जैसे वाहन उस लय के साथ नहीं चल पाते। हमने ट्राम को केवल एक रूट पर चलाने का फैसला किया है लेकिन इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में केस चल रहा है। मुकदमा का निष्पति होने के बाद कोलकाता नगर निगम सड़क नवीनीकरण का काम करेगी।

शहर की गति को बनाए रखने में सक्षम नहीं होने की वजह से राज्य सरकार ने कोलकाता से ट्राम हटाने का फैसला किया है। परिवहन विभाग ने इस पारंपरिक वाहन को धर्मतल्ला से खिदिरपुर तक केवल जाय राइड के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। वहीं सरकार के ऐसे फैसले के खिलाफ स्वयंसेवी संस्था ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसलिए राज्य सरकार अभी ट्राम को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रही है।

## चक्रवात दाना के गुजरने के बाद कोलकाता के मौसम में सुधार

❑ **कुछ इलाकों में जल जमाव से मिली मुक्ति**

**कोलकाता :** महानगर में चक्रवात 'दाना' के कारण हुई भारी बारिश के एक दिन बाद शनिवार को आसमान साफ रहा। बारिश रुकने से कुछ इलाकों में जो जल जमाव हुआ था वहां राहत मिली है। शनिवार को सुबह साढ़े छह बजे तक कोलकाता में 24 घंटे के दौरान 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई थी। बहरहाल, मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि शहर के कुछ इलाकों में शनिवार हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।



भीषण चक्रवात 'दाना' ने शुक्रवार तड़के पूर्वी तट पर दस्तक दी जिससे मूसलाधार बारिश और तेज हवा चलने के कारण पेड़ तथा बिजली के खंभे उखड़ गए और ओडिशा तथा बंगाल में बुनियादी ढांचे एवं फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। तूफान ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा में भीतरकणिका और भद्रक जिले के धामरा में गुरुवार की देर रात करीब 12 बजकर पांच मिनट पर दस्तक देनी शुरू की और इस दौरान करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। तूफान का असर सुबह करीब साढ़े आठ बजे तक रहा।

बंगाल में दाना के कारण हुई भीषण बारिश से हुए जलजमाव की वजह से करंट लगने समेत अन्य दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। कोलकाता में स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन हुगली, बांकुड़ा, झाड़ग्राम और पूर्व तथा पश्चिम मेदिनीपुर जिलों के कई इलाकों में जलभराव बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश से खेत जलमग्न हो गए जिससे धान और आलू जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा है। पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है और रविवार से मौसम में सुधार आने की संभावना है।

# पीड़ित महिला डॉक्टर को सेमिनार हॉल में ले जाने का कोई सबूत नहीं

❑ **सीसीटीवी के 'फ्रेम टू फ्रेम' पर है सीबीआई की नजर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या की घटना की जांच में सीबीआई द्वारा सीसीटीवी फुटेजों को बारीकी से देखा गया। ऐसा कहा जा रहा है कि सीबीआई को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि पीड़िता को आरजी कर अस्पताल के किसी अन्य फ्लोर या कमरे से सेमिनार रूम में लाया गया था। यहां तक कि 9 अगस्त को आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष सुबह 11 बजे से पहले अस्पताल में दाखिल हुए थे, इस बात का भी अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। इसलिए, आरजी कर अस्पताल मामले में अब सीबीआई की मुख्य निर्भरता मोबाइल फोन कॉल रिकॉर्ड पर है। इस जांच में सीबीआई को विभिन्न माध्यमों से बहुत सारी जानकारी मिली है। सीबीआई अधिकारी हर विवरण की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रहे हैं। 8 अगस्त से 10 अगस्त की सुबह तक, सीबीआई अधिकारियों ने अस्पताल के कम से कम 53 सीसीटीवी फुटेज की 'फ्रेम टू फ्रेम' जांच की। इसके अलावा सीबीआई की टीम ने पिछले जुलाई की शुरुआत से ही सीसीटीवी फुटेज की निगरानी शुरू कर दी थी।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, आरजी कर अस्पताल की चौथी मंजिल पर दो सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं, दो सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के एक-एक फ्रेम की निगरानी करके, सीबीआई ने मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को 9 अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में प्रवेश करते हुए और आधे घंटे बाद बाहर निकलते हुए पाया। इसके अलावा, सीबीआई दो अन्य डॉक्टरों से भी पूछताछ करने से 'संतुष्ट' है, जिन्हें रात 2 और 3 बजे सेमिनार हॉल में प्रवेश करते देखा गया था। सीबीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दो लोगों संदीप घोष और अभिजीत मंडल के फोन कॉल रिकॉर्ड से साजिश के कुछ सबूत मिले हैं।

# सोशल मीडिया पर डीवाईएफआई नेता मीनाक्षी का पोस्ट

❑ **मेयर फिरहाद के खिलाफ किया पोस्ट**
❑ **साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाया गया मुद्दा**
❑ **दर्ज हुआ एफआईआर**

**कोलकाता :** सोशल मीडिया पोस्ट पर डीवाईएफआई नेता मीनाक्षी मुखोपाध्याय का नाम है। और उस पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य मंत्री फिरहाद हकीम के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट है। उसी से बवाल मचा हुआ है। तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतला पुलिस स्टेशन में मीनाक्षी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

फिरहाद ने आरोप लगाया कि सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई।तृणमूल नेता कुणाल घोष को माफी मांगनी चाहिए। हालांकि, वामपंथी नेता के स्पष्ट बयान को किसी ने उनके नाम से फर्जी



प्रोफ़ाइल का उपयोग करके पोस्ट किया है। इसके बाद मीनाक्षी ने लालबाजार के साइबर क्राइम में फर्जी प्रोफाइल की शिकायत दर्ज कराई।

❑ **राजनीतिक मर्यादा रखनी चाहिए**

कुणाल घोष ने शनिवार को फेसबुक पर मीनाक्षी मुखोपाध्याय को कोसते हुए लिखते हैं कि तृणमूल नेता फिरहाद हकीम माकपा के राजनीतिक दुश्मन हो सकते हैं लेकिन उनकी तस्वीर को विकृत नहीं किया जाना चाहिए था। मीनाक्षी को तुरंत माफी मांगनी चाहिए।इसके बाद तृणमूल कार्यकर्ताओं ने चेतला थाने में शिकायत दर्ज कराई।

❑ **फिरहाद हकीम ने भी दी प्रतिक्रिया**

उन्होंने कहा कि कोई भी पोस्ट सम्प्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने का होगा तो उसे सहा नहीं जाएगा। यह पोस्ट उचित नहीं है। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनको लालबाजार में शिकायत करनी चाहिए।

❑ **फ़र्ज़ी अकाउंट से हुआ**

लेकिन मीनाक्षी ने एक काउंटर पोस्ट किया। उनका एक फेसबुक अकाउंट, एक फेसबुक पेज, एक एक्स हैंडल (ट्विटर) पर उन्होंने लिखा कि जो लोग इन अकाउंट्स को मैनेज कर रहे हैं या पोस्ट कर रहे हैं, उनमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। या फिर उन्हें किसी भी तरह की पोस्ट की जानकारी नहीं है। इसके बाद उन्होंने शनिवार दोपहर लालबाजार साइबर क्राइम से संपर्क किया। वहां फर्जी अकाउंट की शिकायत दर्ज कराई।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 229_2024-25 और 230_2024-25 दिनांक 24.10.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 229_2024-25, कार्य का विवरण :** एडीईएन/नबद्वीपधाम के अधीन नबद्वीपधाम में सिस्टर्न, वॉल एवं फ्लोर टाइल प्रदान करते हुए प्रत्येक क्वार्टर के लैट्रिन, बाथ एवं किचन का उन्नयन एवं नवीनीकरण और एक मंजिला सिंगल यूनिट टाइप IV क्वार्टर का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,22,10,122.06, **बयाना राशि:** रु. 2,11,100/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 230_2024-25, कार्य का विवरण :** एईएन/कटवा के अधीन प्लिंथ की सुरक्षा, किचन एवं लैवाटरी, एसी शीट की बदली, वाटर सप्लाई की व्यवस्था द्वारा कटवा में स्टाफ क्वार्टरों की उन्नति एवं एडीईएन/आजिमगंज के अधीन सिस्टर्न, वॉल एवं फ्लोर टाइल आदि प्रदान करते हुए प्रत्येक क्वार्टर के लैट्रिन, बाथ एवं किचन का उन्नयन एवं नवीनीकरण । **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,74,52,512.49, **बयाना राशि:** रु. 2,37,300/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 (छह) माह क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 14.11.2024 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-**ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-370/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/614, दिनांक: 24.10.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3346-एस2, कार्य का नाम :**मुख्यालय, फेयरली प्लेस, कोलकाता में 60 माह के लिए जीएम ब्लॉक में स्थित जीएम पैसेंजर लिफ्ट (प्रस्तुतकारक-थिसेनक्रप) का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्य :** रु. 7,77,172/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 15,600/-, **समापन अवधि:** 60 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3341-एस2, कार्य का नाम :**गीतांजली म्यूजियम, बोलपुर में 36 माह के लिए एक पैसेंजर लिफ्ट (प्रस्तुतकारक-थिसेनक्रप एलिवेटर (इंडिया) प्रा. लि.) का वार्षिक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्य :** रु. 3,74,787/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 7,500/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.11.2024 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-368/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आरजी कर चिकित्सक बलात्कार : आंदोलनकारी चिकित्सकों ने सामूहिक सम्मेलन का आयोजन किया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने आमरण अनशन वापस लेने के पांच दिन के बाद शनिवार को एक सामूहिक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित तौर पर बलात्कार का शिकार हुई चिकित्सक को न्याय दिलाने और राज्य सरकार से अपनी मांगें पूरी करवाने के लिए अगले कदम की रणनीति बनाई गई। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित चार घंटे लंबे सम्मेलन में विभिन्न सरकारी चिकित्सा प्रतिष्ठानों के चिकित्सकों के अलावा नागरिक समाज समूह के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। आंदोलनकारी चिकित्सकों में से एक अनिकेत महतो ने कहा, 'हमने अपनी उस



बहन के लिए न्याय मांगने के लिए यह सामूहिक सम्मेलन बुलाया है, जिससे नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल में बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई।' कार्यक्रम में एक अन्य आंदोलनकारी चिकित्सक देबाशीष हलदर ने कहा, 'कुछ चिकित्सकों द्वारा शुरू किया गया विरोध प्रदर्शन अब एक बड़ा रूप ले चुका है। हम जानना चाहते थे कि अस्पताल के संगोष्ठी कक्ष (जहां शव मिला था) में क्या हुआ था। हमें अंदाजा नहीं था कि यह आंदोलन इतना लंबा चलेगा और हमें इतने लोगों का समर्थन मिलेगा।' आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों ने 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया था। यह अनशन पांच अक्टूबर से शुरू हुआ था। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। चिकित्सकों ने शनिवार को यह आरोप लगाया कि आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के बारे में सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा रही है और घटना के दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। आंदोलनकारी चिकित्सक किंजल नंदा ने कहा, 'हम जानना चाहते थे कि सच क्या है और इसीलिए हमने मजिस्ट्रेट जांच की मांग की थी। सच को दबाने की कोशिश की गई है। हम न केवल न्याय चाहते हैं, बल्कि व्यवस्था को भी साफ-सुथरा बनाना चाहते हैं।'

# आरजी कर अस्पताल भ्रष्टाचार : दो डाक्टरों के खिलाफ विभागीय जांच की तैयारी शुरू

❑ **सीबीआइ ने स्वास्थ्य विभाग से विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की थी**
❑ **देबाशीष सोम व सुजाता घोष को अवैध वित्तीय लेनदेन में शामिल पाया गया है**

**कोलकाता :** बंगाल सरकार ने आरजी कर अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में दो डाक्टरों के खिलाफ विभागीय जांच की तैयारी शुरू कर दी है। नौ अक्टूबर को स्वास्थ्य सचिव और राज्य के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में सीबीआइ ने कहा था कि आरजी कर अस्पताल में फारेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख देबाशीष सोम और एसोसिएट प्रोफेसर सुजाता घोष की अस्पताल में भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के लिए जांच चल रही है। जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

सीबीआइ सूत्रों का कहना है कि जब इस बारे में पत्र देकर स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया गया, तब विभाग ने दावा किया कि उसे इस मामले के बारे में जानकारी नहीं है। हालांकि बाद में स्वास्थ्य विभाग का कहना था कि सीबीआइ के पत्र के आधार पर विभागीय जांच शुरू करने की तैयारी की जा सकती है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने देबाशीष और सुजाता से कई बार पूछताछ की है। बताते चलें कि अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबी सहयोगियों को भ्रष्टाचार और अवैध वित्तीय लेनदेन में शामिल पाया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं.: सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2024** **दिनांक 23.10.2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं.: पार्क-एचडब्ल्यूच-ओसीटी-2, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 08.11.2024 को 12.00 बजे। **क्रम सं. 1, लॉट सं.:** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एमएसएई-टीडब्ल्यू-128-23-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), **स्टेशन का नाम:** मसाग्राम। **क्रम सं. 2, लॉट सं.:** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-टीडब्ल्यू-180-24-2 (पार्किंग-टू व्हीलर), **स्टेशन का नाम:** आरामबाग।

HWH-369/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## महिला ने भरे मंच से नौशाद की बीवी होने का किया दावा, आइएसएफ ने बताया तृणमूल की साजिश

**कोलकाता :** भांगड़ से इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी उनके पति हैं। एक महिला ने भरे मंच से यह दावा किया। उन्होंने कहा कि उनका निकाह शरीयत के मुताबिक आइएसएफ विधायक से हुआ था, लेकिन वे उन्हें बीवी का दर्जा नहीं दे रहे हैं। दूसरी तरफ वहीं नौशाद की पार्टी ने इसके पीछे तृणमूल कांग्रेस की साजिश बताई है। आइएसएफ ने कहा कि उनके विधायक की छवि धूमिल करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। नौशाद की बीवी होने का दावा करने वाली महिला का नाम मृणमयी बिलकिस है। शनिवार को वह नौशाद के विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक रक्तदान शिविर में आईं और वहीं मंच से यह दावा किया। मृणमयी ने कहा-'मेरा कोई अफेयर नहीं है। मैं विभिन्न सामाजिक



कार्यों से जुड़ी हूं। मैं विधायक नौशाद सिद्दीकी की बीवी हूं। नौशाद अपनी राजनीतिक छवि के बारे में सोचकर उनके रिश्ते से इन्कार कर रहे हैं। मैं एक मुस्लिम परिवार की बेटी हूं। आज मैंने अपने हक के लिए अपना घर छोड़ दिया। तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला ने उक्त महिला का समर्थन करते हुए कहा-'मुझे लगता है कि उक्त को उसका अधिकार दिया जाना चाहिए। नौशाद को उन्हें सम्मान के साथ अपने घर ले जाना चाहिए।

# अमित शाह भारत-बांग्लादेश सीमा पर नए यात्री टर्मिनल व गेट का करेंगे उद्घाटन

❑ **बंगाल में पार्टी के सदस्यता अभियान का भी शाह करेंगे शुरुआत**

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश भूमि सीमा क्रासिंग पर एक नवनिर्मित यात्री टर्मिनल और एक कार्गो गेट का उद्घाटन करेंगे। पेट्रापोल में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा भूमि बंदरगाह है और भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। पेट्रापोल (भारत)-बेनापोल (बांग्लादेश) व्यापार और यात्री आवागमन दोनों के मामले में भारत-बांग्लादेश के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमि सीमा क्रासिंग में से एक है।




भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि आधारित व्यापार का लगभग 70 प्रतिशत इस भूमि बंदरगाह के माध्यम से होता है, जो गृह मंत्रालय की एक शाखा, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रण में है। यह भारत का आठवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आव्रजन बंदरगाह भी है और यह भारत और बांग्लादेश के बीच सालाना 23.5 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। टर्मिनल की यात्री हैंडलिंग क्षमता प्रतिदिन 20,000 है और इसमें एक ही छत के नीचे आव्रजन, सीमा शुल्क और सुरक्षा सेवाए है। इसका निर्मित क्षेत्र 59,800 वर्ग मीटर है। केंद्रीय गृहमंत्री इसके बाद हुगली जिले के आरामबाग भी जाएंगे जहां सहकारिता विभाग का एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

❑ **बंगाल में एक करोड़ नए सदस्य बनाने का है लक्ष्य, शाह करेंगे बैठक**

अमित शाह का शनिवार की रात को कोलकाता पहुंचने का कार्यक्रम है। राजारहाट न्यूटाउन के एक होटल में बंगाल भाजपा नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। रविवार को शाह साल्टलेक में ही भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। आंकड़ों के मुताबिक, पिछली बार बंगाल में करीब 40 लाख प्राथमिक सदस्य बने थे, लेकिन असली आंकड़ा 12 से 14 लाख ही था। इस बार भी भाजपा ने मिस्ड काल के जरिए सदस्य जुटाएगी, लेकिन प्रक्रिया में कुछ बदलाव किया गया है। मिस्ड काल के जरिए सदस्य बनने पर संबंधित व्यक्ति के पास एक लिंक जाएगा। उस लिंक को खोलें और व्यक्ति का पता, व्यवसाय आदि भरना होगा। फिर आरंभिक सदस्यता पूरी होगी। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा ने इस बार बंगाल में एक करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अन्य राज्यों में सदस्यता अभियान शुरू हो गया लेकिन आरजी कर कांड के कारण बंगाल में शुरू नहीं हो सका था।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/आरडीएन/ओओएच/23, दिनांक: 23.10.2024,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 4था तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया **ई-ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें: **कैटलॉग सं. एचडब्ल्यूएच-आरडीएन-ओओएच-23, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 08.11.2024 को 12.00 बजे। **क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) एए/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-128-24-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम),** तीन वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया (पार्किंग लॉट एवं बापू उद्यान के सामने और हावड़ा मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने) में निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक प्रचार (आउट ऑफ होम-नॉन डिजिटल) की प्रदर्शनी। **(2) एबी/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर - 1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर, जैसा कि अनेक्सर-I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(3) एबी/2, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-ओएसडी-122-24-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर - 4 (पाण्डुआ, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर और रामपुरहाट, जैसा कि अनेक्सर-I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(4) एबी/3, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1[विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर - 3 (बैण्डेल, नवद्वीपधाम और कटवा, जैसा कि अनेक्सर-I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(5) एबी/4, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर - 2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर, जैसा कि अनेक्सर-I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(6) एसी/1, एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-24-2 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)],** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के क्लस्टर-IV के तहत [(क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकीपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक] स्टेशनों के स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार।

HWH-367/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# राम और वाम ने रची दुर्गा उत्सव को बंद करने की साजिश

❑ **बंगाल की जनता ने राम-वाम को नकारा : कल्याण**

**हुगली :** रिसड़ा के रविंद्र भवन में शनिवार की शाम विजया सम्मलेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिसड़ा शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज साव की अध्यक्षता में पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर श्रीरामपुर संसदीय सीट से सांसद कल्याण बनर्जी, हुगली जिला सांगठनिक तृणमूल अध्यक्ष व चांपदानी विधायक अरिंदम गुइन, विधायक डॉक्टर सुदीप्त राय, सुबीर मुखर्जी, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, अधिवक्ता राजेंद्र चतुर्वेदी, पार्षद सुख सागर मिश्रा, मनोज गोश्वामी समेत तमाम पार्षद व गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत सांसद कल्याण बनर्जी एवं विधायक अरिंदम गुइन को सम्मानित कर भव्य स्वागत के साथ हुई। सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बंगाल में दुर्गा उत्सव नहीं हो इसको लेकर राम यानी भाजपा और बाम मिलकर एक गहरा षड्यंत्र रच रहे थे। ये लोग महिषासुर बनकर मां दुर्गा को आने से रोक रहे थे लेकिन इनके नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया। कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री समेत बंगाल का हरेक तृणमूल सिपाही एवं बंगाल की जनता दिवंगत डॉक्टर की आत्मा को न्याय दिलाना चाहती है लेकिन एक अनिष्ट घट जाने से दुर्गा उत्सव को रोका नहीं जा सकता। इस उत्सव से करोड़ों लोगों की उम्मीदें जुड़ी होती है। उत्सव भी हुआ कार्निवल भी हुआ वह भी ऐतिहासिक एवं यादगार। श्रीरामपुर में पहली बार कार्निवल हुआ जिसमें लाखों लोग शामिल रहे। बंगाल की जनता ने आसुरी शक्तियों के मुहं पर जोरदार तमाचा जड़ने का काम किए है। कहा कि बंगाल की जनता बंगाल के डॉक्टरों पर भरोसा नहीं करती इसलिए बंगाल के लोगों को बंगलुरु व राज्य के बाहर इलाज के लिए जाना पड़ता है। कल्याण बनर्जी ने कथित तौर पर डॉक्टरों पर आरोप लगाया कि जो डॉक्टर आंदोलन और न्याय का नाटक कर रहे हैं। असल मे उन्होंने अपने बलबूते पर मेडिकल परीक्षा पास नही की अगर इनका सही से एग्जाम लिया जाय तो यह सब फैल हो जाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा देश की भोली भाली जनता को गुमराह कर रही है वे लोगविकास के नाम पर धंधा कर रहे है। भाजपा धर्म की आड़ में राजनीति करने वाले दल का नाम है। कहा कि सोशल मीडिया पर लोग ममता बनर्जी की आलोचना करते हैं। अगर उनमे हिम्मत है तो वह अपने मुहल्ले में जाकर ममता बनर्जी की खुलकर आलोचना करे तब उन्हें अपने तरीके से जबाब दिया जायेगा। कुछ विशेष डॉक्टरों ने अपने पेशे को धंधा बना लिया है। इसलिए वे आंदोलन की आड़ लेकर निजी अस्पतालों की चांदी काटने में लगे हैं। वह आंदोलन के नाम पर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है और अपनी निजी दुकान चलाने में लगे हैं। विधायक अर्निंदम गुइन ने कहा कि वाम बोलकर कुछ नही उनका अस्तित्व खत्म हो गया वे लोग अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ने के लिए अब राम (भाजपा ) के साथ मिलकर बंगाल में दुर्गा उत्सव को रोकने का घिनौना षड़यंत्र रच रहे थे। जो नाकाम हो गया। वामपंथी कभी मां दुर्गा को नहीं मानते। वे धर्म की परिभाषा नहीं जानते। इसलिए वे दुर्गापूजा उत्सव को रोकने के लिए महिषासुर बनकर खड़े थे। लेकिन विघ्न नहीं डाल पाए उत्सव शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ जो लोग महिला सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रहे थे। उन्हें प्रशासन और बंगाल की जनता ने करारा जबाब दिया है। प्रदेश की मुख्यमंत्री सभी धर्म का सम्मान भाव से सम्मान करती है। वह एक आंधी है जिसका सामान करना राम वाम के वश में नहीं। आज बंगाल की दुर्गा पूजा को विदेश में भी सम्मान मिला है। बंगाल में हिन्दू धर्म संस्कृति के अनुसार धार्मिक स्थलों के तौर पर पंडाल बनाये जाते हैं।

# कांगड़ा दुर्ग

## हमारी अंजानी धरोहर-49



डॉ. एस. के. सैनी


हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा मंदिर स्टेशन से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पुराने कांगड़ा नगर के समीप अवस्थित यह दुर्ग कई महीनो में अद्भुत है। हिमाचल प्रदेश का यह एक अजय दुर्ग माना जाता है।

सिकंदर के युद्ध संबंधी रिकार्ड से ज्ञात होता है कि कांगड़ा का यह नदी की सतह से लगभग 300 फीट ऊंचाई पर स्थित दुर्ग ईसा पूर्व चौथी शताब्दी का निर्मित है। इसके निर्माण में कई महान राजाओं का योगदान रहा।

माझी और बाणगंगा नदियों के संगम पर स्थित एक ऊंची और चौड़ी पत्थर नुमा पहाड़ी पर स्थित यह दुर्ग अपनी सामरिक स्थिति के कारण विशिष्ट स्थान रखता है क्योंकि यह तीन ओर से नदी से घिरा हुआ है और वर्चुअल जल राशि होने के कारण उसे समय दुश्मन का नदी मार्ग जल मार्ग से यहां प्रवेश कर पाना संभव नहीं था।पहाड़ियों इस तरह की खड़ी है कि उन पर चढ़ पाना भी संभव नहीं है। दुर्ग और नदी के बीच में तीन और घना जंगल है जिसमें अनेक तरह के जंगली जानवर हैं उन स्थानों से चढ़कर दुर्ग में प्रवेश पाना असंभव है। यह दुर्ग समुद्र की सतह से 670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और दुर्ग के चारों ओर की ऊंची दीवार 4 किलोमीटर चारों ओर फैली हुई है।

कांगड़ा दुर्ग पर प्रारंभ में नगरकोट और त्रिगत साम्राज्य का अधिकार रहा बाद में मुगलों के द्वारा पंजाब क्षेत्र जीत लेने के बाद वहां के राजपूत और सिख इस तरफ आ गए। जहांगीर का भी इस दुर्ग में अधिकार रहा है। महाराजा रणजीत सिंह ने भी इस दुर्ग को विकसित किया है। हिमाचल प्रदेश के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में कभी किसी का राज्य अधिकार लंबे समय तक अक्षुण नहीं रहा।

वर्तमान में वर्तमान में इस दुर्ग का रखरखाव और संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया जाताहै। दुर्ग में प्रवेश करने से पूर्व दाहिनी और दाहिनी और शाही हम्माम है जो मुगल बादशाहों के स्नान विशेषत वाष्प स्नान का एक तुर्किश तरीका था। सर्दियों में गर्म पानी से स्नान और अपने शरीर का पसीना बहाने के लिए ऊष्मा पैदा की जाती थी जिससे बदन की स्वच्छता और निखार बढ़ जाता था।



हमाम का उपयोग राजा रानी दोनों ही किया करते थे।

इसके बाद आगे बढ़कर संकरे दरवाजे से हम दुर्ग के अंदर प्रवेश करते हैं जिसमें रंजीत द्वार, फिर जहांगीर द्वार, आगे बढ़ते हुए दुर्ग की मजबूत दीवारों पर एक आला दिखाई देता है वहीं पर देवताओं की प्रतिमाएं दुर्ग की प्राचीर पर ही उकेर दी गई थी। संभवता यह मंदिर शायद गणेश मंदिर था क्योंकि प्रथम पूज्य गणेश। लगता है मुगल काल में यह मूर्तियां यहां से हटा दी गई किंतु पत्थर की दीवारों पर अभी भी उन देवताओं की प्रतिमाओं की उत्कीर्ण अवस्थाएं दिखाई देती हैं।

ऊपर पहुंच कर दुर्ग के अंदर मां काली और विष्णु लक्ष्मी के मंदिर हैं जिन्हें संभवत मुगल काल में नष्ट किया गया। ऊंचाई पर चढ़ने जाते हैं, चढ़ते जाते हैं ऊपर वर्षा पानी के जल संग्रहण करने के लिए बड़े-बड़े विशाल टैंक बने हुए हैं जिसमें पानी एकत्र होता था। दुर्ग में रानियां के महल अलग होते हैं राजाओं के सभागार और राजाओं के निजी शयन कक्ष अलग होते थे। कांगड़ा का यह दुर्ग न सिर्फ राजा रानी के रहने का दुर्गा था बल्कि इसमें प्रजाजन भी और सैनिक भी रहते थे। मंदिरों के समीप एक विराट प्रस्तर स्तंभ खड़ा दिखाई देता है जो इस बात का गवाह है कि कभी यहां पर चतुष्कोणीय मंदिर रहा होगा। मंदिरों तक पहुंचाने के दो या तीन रास्ते हुआ करते थे। पता नहीं पड़ता होगा कि किस रास्ते से राजा या रानी मंदिर में पूजा के लिए आ रहे हैं। जब हम दुर्ग के सबसे ऊंचाई वाले स्थल पर पहुंच जाते हैं। पश्चिमी प्राचीन पर तो ऐसा लगता है कि नीचे माचिस की डिब्बियों की तरह गाड़ी सड़क पर चल रही है। ऊपर सनसनाती हुई हवा चल रही होती हैं। सूर्य अस्ताचलगामी हो रहे हैं। पुरातत्व विभाग का सुरक्षाकर्मी हमें हल्के से इशारा करता है कि दुर्ग के बंद होने का समय हो गया। हम लोग वापस धीरे-धीरे उतरने लगते हैं।

दिल्ली और आगरा का लाल किला जयपुर और जोधपुर जैसलमेर के महल तो पूरी दुनिया में विख्यात है किंतु कांगड़ा का यह दुर्ग सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। यहां पर पर्यटक के रूप में लोग काम ही आ पाते हैं। यह हमारी अद्भुत अनजान किंतु इतनी सुंदर ऐतिहासिक धरोहर है जो आज इतने वर्षों बाद भी मजबूती से टिकी हुई है। सड़क पर गाड़ियों में चल रहे यात्री लोग इसकी विराट कैनवस स्थिति को देखकर के आकर्षित हो जाते हैं और पूछ बैठते हैं कि यह दुर्ग कौन सा है, क्योंकि समीप में कांगड़ा है इसलिए लोग इसे कांगड़ा दुर्ग ही कहते हैं।

# पटाखों की दिवाली



डॉ.मंजरी शुक्ला

पटाखों की दिवाली एक दुकान में ढेर सारे पटाखे सजे हुए रखे थे, जो दुकानदार ने दीवाली पर बेचने के लिए रखे हुए थे।

पटाखों को यह देखकर बहुत दुःख होता था कि जो बच्चे अच्छे कपड़े पहनकर अपने मम्मी पापा के साथ पटाखे लेने आते, उन्हें तो दुकानदार बड़े ही प्यार से पटाखे दिखाता और बेचता पर जो बच्चे नंगे पैर और फटे हुए कपड़े पहनकर आते उन्हें अपनी दुकान के पास फटकने तक नहीं देता। बच्चे पटाखों को दूर से ही देखते। पटाखों को दुकानदार पर गुस्सा तो बहुत आता पर वे कर ही क्या कर सकते थे।

ऐसे ही एक बार दिवाली के दिन दुकानदार की शाम के समय आँख लग गई।

पटाखों ने जैसे ही उसे सोता हुआ देखा तो आपस में बातचीत करते हुए सोचा कि उन्हें यहाँ से चले जाना चाहिए।

पर वे समझ नहीं पा रहे थे कि वे जाएँ कैसे? तभी पास की टोकरी, जो बहुत देर से बैठी उनकी बाते सुन रही थी बोली -तुम सब मेरे ऊपर बैठ जाओ। मैं तुम लोगो को लेकर चलती हूँ।

यह सुनते ही सभी पटाखे ख़ुशी के मारे उछल पड़े। टोकरी में बैठते ही वे मानो हवा से बाते करने लगे।

तभी उन्हें कुछ बच्चे दिखाई दिए जो उदास और गुमसुम से अपनी झोपड़ियों के बाहर बैठे थे।

देखो, देखो, जिन बच्चों को दुकानदार भगा देता है, वे सभी बच्चे वहाँ बैठे हैं। चकरी बोली हाँ - हाँ, बिलकुल, वे ही हैं। अनार हाँ में हाँ मिलाते हुए तुरंत बोला तब तो हमारी सबसे ज्यादा ज़रूरत यहाँ पर है। हमें यही उतार दो। फुलझड़ी ने महीन स्वर में कहा यह सुनकर टोकरी खुश हो गई और तुरंत नीचे की ओर उतर पड़ी।

बच्चे इतने सारे पटाखे देखकर ख़ुशी के मारे उछल पड़े। सबसे पहले उन्होंने चकरी की पूँछ मे आग लगाई। चकरी इठलाती हुई और मटकती हुई गोल-गोल थिरकने लगी। बच्चे उसके साथ-साथ नाचने लगे।

फिर आई साँप की बारी, काली-काली छोटी टिक्कियों को आग लगते ही कई विशाल नाग फन काढ़कर खड़े हो गए।

छोटे बच्चों ने तो डर के मारे अपनी आँखे बंद कर ली और बड़े बच्चे ठहाका मारकर हंसने लगे। अब यह सब देखकर भला अनार कहा पीछे रहने वाला था। वह भी लुढ़ककर आगे आ गया। जब बच्चों ने अनार जलाया तो उसमें से जैसे चमचमाते हुए हज़ारों रंग बिरंगे सिक्के गिरने लगे।

बच्चों के मासूम चेहरे ख़ुशी से दमकने लगे। फिर क्या था, देखते ही देखते फुलझड़ी, मेहताब और आतिशबाजियो से निकलते हुए सतरंगी रंग आसमान में बिखर गए। टोकरी की आँखें अपने दोस्तों से बिछुड़ने के गम में नम हो गई पर ख़ुशी से उछलते कूदते बच्चों को देखकर उसके चहरे पर भी मुस्कान छा गई और वह हँसती हुई उड़ चली, अपनी दुकान की ओर।

# धन के साथ धर्म की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

**धनतेरस- 29 अक्टूबर, 2024**

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक् एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।

भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है।

लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।


हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम कोरोना जैसी महामारियों को, युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे।

धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मर्यादाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था को पनपाया है। समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे। पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो, भोग के साथ संयम भी जरूरी है। भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेंगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

समृद्धि की बदलती फिजा सद्संस्कारों को शिखर दे, वैचारिक दृष्टिकोण को रचनात्मकता दे, आधुनिकता के साथ पनपने वाली बुराइयों को विराम दे, ईमान और इंसानियत बटोरते हुए आगे बढ़े। आज कहां सुरक्षित रह पाया है-ईमान के साथ इंसान तक पहुंचने वाली समृद्धि का आदर्श? कौन करता है अपनी सुविधाओं का संयमन? कौन करता है ममत्व का विसर्जन? कौन दे पाता है अपने स्वार्थों को संयम की लगाम? भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेंगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

**प्रेषकः (ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# दिवाली पर इन चीजों के इस्तेमाल से सजाएं घर, देखकर हर कोई करेगा तारीफ



दिवाली के त्योहार के लिए लोग कई-कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर देते हैं। इस मौके पर लोग अपने घरों को खासतौर पर सजाते हैं। तरह-तरह की लाइट्स और दीयों का इस्तेमाल करके घर की खूबसूरती बढ़ाते हैं।

अब जब दिवाली का त्योहार एकदम नजदीक है और आपको समझ नहीं आ रहा कि इस दिवाली अपने घर को कैसे खास लुक दें, तो हमारे पास आपके लिए कुछ बेहतरीन आइडिया हैं, जिनकी मदद से आप आपने घर को खूबसूरत के साथ-साथ अलग लुक दे सकते हैं। खास बात तो ये है कि इसके लिए आपको अपनी जेब भी ज्यादा ढीली नहीं करनी पड़ेगी। तो चलिए बिना देर किए आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जिनके इस्तेमाल से आपका घर सजा सकते हैं।

### घर में लगाएं खूबसूरत लैम्प्स

दिवाली के दिन हर कोई अपने-अपने घरों में दीये जलाता है। आप चाहें इस दिवाली आप अपने घर को दीयों के साथ ही लैम्प से भी सजाएं। खूबसूरत लैम्प्स से घर की सजावट करके आप अपने घर को एक दम अलग लुक दें।

### यूनिक फ्लॉवर पॉट

अपने घर में खूबसूरत फ्लॉवर पॉट्स लगाएं और इसके इर्द-गिर्द रोशनी का इंतजाम करें। ये आपके घर की सजावट में चार चांद लगा देंगे। इससे आपके घर की सजावट को एक एलिगेंट लुक मिलेगा। जिसे देखने के बाद कोई भी इस आइडिया को कॉपी करने से खुद को रोक नहीं सकेगा।

### सेल्फी पॉइंट

इस दिवाली आप अपने घर पर एक सेल्फी पॉइंट भी बना सकते हैं। एक ऐसा किनारा जहां खास सजावट की गई हो और आपके दोस्त और परिवार के सदस्य यहां सेल्फी क्लिक करके शेयर करें। इसके लिए आप रंगीन आर्टिफिशियल फूल और पर्दों का इस्तेमाल कर सकते हैं। डार्क और पेस्टल कॉम्बिनेशन इसके लिए बेस्ट रहेंगे।

### मेटल शो पीस

दिवाली में घर के कोनों में अलग और खुशी के नए रंग भरना है तो खूबसूरत मेटल के शो पीस इसके लिए बढ़िया ऑप्शन रहेंगे। ये आपके घर को नया और खूबसूरत लुक देंगे। मेटल शो पीस में आपको कई डिजाइन और अट्रैक्टिव पीस आसानी से बाजार में मिल जाएंगे।

# खुशहाली, समरसता और ज्ञान का पर्व है दीपावली



उल्लास एवं समृद्धि का प्रतीक तथा भारतीय संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और सर्वोपरि पर्व दीपावली का कारवां वैदिक युग की ज्ञान ज्योति से चलकर, ऐतिहासिक अंधकारों को चीरता तथा मुगलकाल की संकरी गलियों से गुजरता हुआ आजादी के खुले आंगन और घरों में प्रवेश कर चुका है। चाहे गांव-देहात हो या शहर, महानगर, गली-मोहल्ला हो या फिर बहुमंजिला अपार्टमेंट, क्या बूढ़े और बच्चे सभी के चेहरे पर कार्तिक का महीना एक अलग प्रकार की खुशियों से लबालब चमक लेकर आता है। सभी के तन-मन खिलखिला उठते हैं। कन्या कुमारी से लेकर कश्मीर तक, बंगाल से लेकर महाराष्ट्र तक नवरात्रि से शुरू हुआ यह हर्षोल्लास दीपावली तक अपने चरम पर होता है। यद्यपि युग-युगांतर से जलते आ रहे दीपक और दीपावली के स्वरूप में पौराणिक काल से लेकर अब तक भिन्न-भिन्न काल परिवेश और परिस्थिति के अनुसार अनेकानेक परिवर्तन आये हैं। फिर भी आज किस प्रकार यह पर्व अपव्यय और दुर्घटनाओं के पर्व के रूप में जाना जाने लगा है, वैसी स्थिति पहले कभी नहीं रही। आज से लगभग 40-50 वर्ष पूर्व दीपावली की रौनक देखते ही बनती थी। भारी धन के अपव्यय के साथ धूमधड़ाकों की दीपावली मनाते नहीं देखा जाता था। प्रसन्नता व्यक्त करने का एक निराला ही तरीका होता था। चारों ओर झिलमिलाते दीपों की एक के बाद एक अनंत पंक्तियां, मुस्कराते नन्हें बालक, घर-आंगन को लीपती-पोतती रंग बिरंगे परिधानों में सजी कुलवधुएं, अपनी शोखियों और चंचलताओं से नवजीवन उड़ेलती तथा घर के कोने-कोने को दीपों की रोशनी से प्रकाशित करती नव बालाएं, यौवन की देहरी का स्पर्श करती हुई कंदीलों और रंगोली की प्रतिस्पर्धा में लगी यौवनाएं, अपनी आंखों में अनगिनत सपने संजोये और अनजानी उत्सुकताओं को मन में समेटे मस्ती का आलम संजोये नवयुवक तथा अपने वर्तमान को भूलकर अतीत के साथ हास्य-विलास की स्मृतियों को सजाते हुये कभी बेटे के साथ हंसकर तो कभी पौत्र के साथ खेलकर दीपोत्सव मनाते वृद्ध। आबाल वृद्ध, नर-नारी सभी प्रसन्नता पूर्वक सामूहिक रूप से इस पर्व का आनंद लेते थे।

दीपावली पूजन का मूल उद्देश्य यही रहा है कि चारों ओर सुख-समृद्धि, खुशहाली समरसता और ज्ञान का प्रकाश फैले। इसके लिये यह कामना की जाती थी कि मानव समाज के लिये बड़े नहीं भले लोगों की जरूरत है। इसलिये धन की देवी मेहरबान हो और वे अधिक से अधिक धर्म-कर्म कर सकें। पर आज स्थिति बिल्कुल उलट गई है। लोग केवल अपनी स्वार्थपूर्ति तक ही सिमट कर रह गये हैं। अधिक से अधिक धन प्राप्त कर दुनिया भर की सुखसुविधाएं जुटाना ही एक मात्र लक्ष्य बन गया है। जिससे समाज में गैरबराबरी की खाई बढ़ती जा रही है। कहीं खुशियों के अनगिनत दीप जलते है, तो अधिकतर जगहों पर गम और अभावों का अंधेरा पसरा हुआ है। यह कैसी विडंबना है कि जिस देश की 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जी रही है, उसी देश के लोग कुछ समय से मनोरंजन तथा बढ़-चढ़कर अपनी हैसियत दिखाने के लिये करोड़ों रुपयों के पटाखे फूंक डालते हैं। जिससे न केवल असंख्य लोग वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से पीड़ित हो जाते हैं, बल्कि उनका दूषित हवा में सांस तक लेना मुश्किल हो जाता है। ऊपरी दिखावे को सामाजिक प्रतिष्ठा मान लिये जाने के कारण ही मिट्टी के दीयों का स्थान भारी मात्रा में बिजली की झालरों ने ले लिया है। खील बताशों के स्थान पर महंगे-महंगे तोहफे दिये जाने लगे हैं। पड़ोसियों की होड़ में लोग टिड्डी दल की तरह बाजार पर टूटकर अनावश्यक वस्तुएं भी खरीद डालते हैं। जिससे गृह बजट को संतुलित करने में कई माह लग जाते हैं। यह सारा उपक्रम व्यक्ति की औकात का घटिया प्रदर्शन मात्र है। जुएं को तो जैसे सामाजिक स्वीकृति मिल गई है। क्योंकि उसके खिलाफ आवाज उठाने वाला मध्यम वर्ग आज स्वयं अपनी दमित इच्छाओं और कुंठाओं को सहलाने लगा है। यह वह मध्यमवर्ग है जो अपने से समृद्ध को ललचायी नजरों से देखता है और अपने से पीछे वालों को तिरस्कार से। कभी सामाजिक परिवर्तन का औजार बना यह वर्ग आज आत्मकेंद्रित बनता जा रहा है। प्रत्येक वर्ष दीपोत्सव पर हम माता लक्ष्मी की आराधना करते हैं कि वे अपनी कृपा हमें दें। परंतु सब व्यर्थ चला जाता है। देवी प्रसन्न नहीं होती, बल्कि कुपित होती है। आखिर कुपित क्यों न हो? कहीं लक्ष्मी स्वरूप कुलवधू को दहेज की बलिदेवी पर कुर्बान किया जा रहा है तो कहीं उसे जन्म लेने से पूर्व ही मौत के घाट उतारा जा रहा है। देखा जाय तो देवी आज भी पूरी तरह क्रुद्ध ही है। कहीं दरिद्रता का तांडव नृत्य हो रहा है तो कहीं बाहुबलियों और धनपशुओं के हाथ पांव फैलते जा रहे हैं। करूणा के लिये कोई स्थान नहीं बचा है। अंधकार प्रकाश को निगल रहा है, रात दिन को डस रही है, कोई भूख से मर रहा है, तो कोई प्यास से तड़प रहा है। अन्नदाता किसान आत्महत्या करने को विवश है। कहीं बाढ़ से लोग बेघर हो रहे हैं तो कहीं भूकंप से छाती दहल रही है तथा कहीं आतंकवाद का जिन्न निर्दोषों और मासूमों को ग्रास बनाता जा रहा है। ऐसे में हमारे राष्ट्र की शान और प्राण संस्कृति के गौरव को किस प्रकार बरकरार रखा जा सकेगा? यह चिंता और चिंतन का विषय है। जीवन में उजाले की इच्छा हर कोई रखता है। पर इस उजाले की सार्थकता तभी है जब इसकी रौनक मन के अंदर और बाहर समान रूप से हो। जबकि हो यह रहा है कि बाहर दीप आदि जलाकर उजाला तो कर दिया जाता है, लेकिन हमारी आत्मा काजल की कोठरी और मन मलिन ही बना रह जाता है। जब अंतर में छल, कपट, राग, द्वेष, ईर्ष्या, आडंबर और वैचारिक कलुषता भरी हो, ऐसे में क्या बाह्य दीपों का जलाना मात्र ही दीपावली को सार्थक बना पायेगा? प्रत्येक धर्म ने यही संदेश दिया है कि हम धन का सदुपयोग करें। उन लोगों को भी अपनी खुशी में भागीदार बनायें जो अभावग्रस्त जीवन जी रहे हैं। इसलिये जकात या दान की नीवें रखी गई। वास्तविकता तो यह है कि हमने लक्ष्मी के विराट स्वरूप को अपने अंतर्मन में बसाया ही नहीं। जिस लक्ष्मी को हम सर्वोपरि मान बैठे हैं वह तो तृष्णा या लोभ है और जब मन में तृष्णा जन्म ले लेती है तो मन का अशांत होना आवश्यक हो जाता है। वर्तमान का भवन निर्माण अतीत की नींव पर ही किया जाता है। प्रत्येक राष्ट्र एवं जाति अपने बीते युग की स्मृतियां सुरक्षित रखने का प्रयास करती हैं। दीपावली मनाते हुये हम सिर्फ हम नहीं रह जाते, बल्कि अपने को एक पूरे इतिहास के साथ जोड़ते हैं। एक स्मृति-परंपरा को पुनर्जीवित करने की कोशिश करते हैं। कार्तिक कृष्ण चर्तुदशी की रात्रि में पावापुर नगरी में भगवान महावीर का निर्वाण हुआ। निर्वाण की खबर सुनते ही सुर, असुर, मनुष्य, गंधर्व आदि बड़ी संख्या में वहां एकत्र हुये। रात्रि अंधेरी थी, अत: देवों ने रत्नों के दीपकों का प्रकाश कर निर्वाण उत्सव मनाया और उसी दिन कार्तिक अमावस्या के प्रात:काल ब्रह्ममुहूर्त में उनके प्रधान शिष्य इंद्रभूति गौतम को ज्ञान लक्ष्मी की प्राप्ति हुई। तभी से प्रतिवर्ष उक्त तिथि को दीपावली का आयोजन होने लगा। यही नहीं भगवान राम के अयोध्या आगमन पर स्वागत हेतु सजाई गई दीपमाला को भी दीपावली की परंपरा से जोड़ा गया। इस प्रकार यह महापर्व भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय वातावरण में पूरी तरह पगकर प्रेरणास्त्रोत प्रमाणित हुआ है। दुर्भाग्य से आज हमारे देश की छाती पर बहुत बड़ी तादाद में ऐसे लोग जमते जा रहे हैं जो तन से तो भारतीय है, परंतु मन से पूरे विदेशी, जिनके लिये राष्ट्रीयता और भारतीयता अक्षरों के संयोग के सिवा और कुछ भी नहीं है, जो न अपने पूर्वजों के प्रति कोई सम्मान रखते हैं और न अपने धर्म और उत्सव के प्रति। इसका परिणाम हम सभी को भुगतना पड़ रहा है। यही कारण है हम सभी के अंतर में गहरा अंधकार भरा पड़ा है। हम उसे शत्रु मानकर भयभीत हो रहे हैं और उससे डरकर बाहर के प्रकाश की ओर भाग रहे हैं। यह बाह्य भौतिक प्रकाश उस प्रकाश तक कभी नहीं ले जा पायेगा जिस प्रकाश का अर्थ ''तमसो मा ज्योतिर्गमय वाक्य में छिपा है। दीप-ावली सांस्कृतिक चेतना का मापदंड भी है और राष्ट्रीय एकता की साक्षी भी। गणेश बुद्धि के देवता हैं और लक्ष्मी संपदा की देवी। संपत्तिवान की अपेक्षा बुद्धिमान होना अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि धन का उपार्जन न्याय नीति के आधार पर हो और उसका उपयोग करने में भी विवेकशीलता से काम लिया जाये तभी वास्तविक सुख और समृद्धि आती है। दीपावली मूल रूप से सहृदयता, आपसी भाईचारे और मिठाई के रूप में आपस में मिठास पैदा करने का पर्व है। दरिद्रता के अंधकार में जीने वाले लोगों के घरों में, दिलों में हम प्रकाश की एक किरण भी जला पायें तो समझो कि हमने दीपोत्सव का उद्देश्य सार्थक कर लिया। ठीक ही तो है कि अंधेरे को क्यों धिक्कारें, अच्छा है कि एक दीप जला लें। **(सुषमा जैन - विनायक फीचर्स)**

# धनतेरस पर क्या खरीदें और क्या न खरीदें

धनतेरस का पवित्र पर्व इस वर्ष 29 अक्टूबर, 2024 को पूरे देश में उल्लास और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। यह शुभ दिन, कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि पर, भगवान धन्वंतरि, देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा का पर्व है। मान्यता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी हर घर में सुख, समृद्धि, और धन का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। लोग इस दिन सोना-चांदी, बर्तन और अन्य कीमती वस्तुओं की खरीदारी को शुभ मानते हैं। साथ ही, भगवान धन्वंतरि की पूजा कर स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की जाती है।




### धनतेरस पर क्या खरीदें:

**पान के पत्ते:** श्री राज महाजन बताते हैं कि धनतेरस के दिन पांच पान के पत्ते खरीदना शुभ होता है, क्योंकि यह देवी लक्ष्मी को प्रिय हैं। इन पत्तों को घर लाकर दिवाली के दिन लक्ष्मीजी को अर्पित करें, और अगले दिन बहते जल में प्रवाहित कर दें।

**धनिया:** धनतेरस के दिन साबुत धनिया खरीदकर लक्ष्मी पूजा में अर्पित करें और इसे अपने धन रखने के स्थान पर रखें। इसे समृद्धि का प्रतीक माना गया है, पर पूजा में उपयोग किए धनिये को खाने में इस्तेमाल न करें, बल्कि इसे गाय को खिला दें।

**लक्ष्मी जी के चरण:** श्री महाजन जी के अनुसार, धनतेरस के दिन लक्ष्मी जी के दो जोड़े चरण घर लाना चाहिए। एक जोड़े को मुख्य द्वार पर और दूसरे को पूजा स्थान की दिशा में रखें।

**लक्ष्मी-गणेश की मिट्टी की मूर्ति:** धनतेरस के दिन मिट्टी की अलग-अलग मूर्तियां खरीदें। हर साल नई मूर्ति का पूजन करें और पुरानी मूर्ति का विसर्जन करें।

**झाड़ू:** झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है और धनतेरस पर इसे घर लाना बहुत शुभ है। झाड़ू को छिपाकर रखें, ताकि इसके शुभ फल प्राप्त हों।

**खील-बताशे:** यह नयी फसल से तैयार किए जाते हैं और समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं। दिवाली पर नए चावल से घर में धन-समृद्धि का आगमन होता है।

**धातु:** इस दिन सोना, चांदी, तांबा, कांसा और पीतल खरीदना शुभ होता है। इसके अलावा मिट्टी का घड़ा या सुराही खरीदें और दिवाली पर इनमें पानी भरकर उत्तर दिशा में रखें।

### धनतेरस पर क्या न खरीदें:


**स्टील और एल्युमीनियम:** ये शुद्ध धातुएं नहीं मानी जाती हैं और राहु के प्रभाव में होती हैं। इसलिए धनतेरस पर इन धातुओं के बर्तन खरीदने से बचना चाहिए।

**नकली जेवर:** नकली आभूषण खरीदने से घर में दरिद्रता आ सकती है। गुरु जी कहते हैं कि इस दिन असली आभूषण खरीदें।

**कांच, प्लास्टिक और चीनी मिट्टी:** कांच और चीनी मिट्टी की वस्तुएं संकटकारी मानी जाती हैं। इस दिन प्लास्टिक के आइटम भी न खरीदें, क्योंकि यह बरक्कत में बाधा डालता है।

### धनतेरस पर किसकी पूजा करें:

श्री राज महाजन बताते हैं कि इस दिन भगवान धन्वंतरि, कुबेर और देवी लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। धन्वंतरि को आयुर्वेदाचार्य और अमृत कलश के देवता माना गया है, जबकि कुबेर धन के देवता हैं। इनकी पूजा से घर में स्वास्थ्य, समृद्धि और सुख का वास होता है।







वर्ष 9, पूर्णांक 4043 अंक 193, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in